सत्यता और
निष्पक्षता के साथ
नई बुलंदियों पर

NNI
हर खबर पर पक्की नजर

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया


कर्तव्यपथ पर चतुर्थ वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :04, अंक :-261, पृष्ठ : 12 | मंगलवार, 01 अप्रैल, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# पादरी बजिंदर सिंह को उम्रकैद

## मोहाली में सिक्योरिटी बढ़ाई: पटियाला जेल में सजा काटेगा ईसाई धर्मगुरु



**मोहाली।** पंजाब के मोहाली के जीरकपुर की महिला के साथ दुष्कर्म मामले के आरोपी पादरी बजिंदर सिंह को मोहाली की अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट से दोषी करार दिए जाने के बाद पुलिस ने पास्टर को हिरासत में ले लिया था। वह पटियाला जेल में बंद है।

महिला से दुष्कर्म के मामले में नामजद पादरी बजिंदर सिंह सोमवार को अदालत में पेश हुआ था। उस दिन की पेशी के बाद कोर्ट ने फैसले को सुरक्षित रख लिया था। पादरी के खिलाफ अदालत में उनके वकील एचएस धानोआ ने याचिका दायर करके अदालत को बताया था कि 3 मार्च को पादरी बजिंदर सिंह अस्पताल में भर्ती थे। जिस कारण वह अदालत में पेश नहीं हो सके और उनकी तरफ से पेशी से छूट के लिए अदालत में याचिका दायर की थी। दूसरी तरफ सरकारी वकील और बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने बजिंदर सिंह के गैर जमानती वारंट रद्द करते इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 24 मार्च की तारीख तय की थी।

पुलिस ने पास्टर बजिंदर सिंह को उस समय गिरफ्तार किया था, जब इंग्लैंड के बरमिंघम शहर में करवाए जा रहे एक सेमिनार में शामिल होने के लिए दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट लेने के लिए पहुंचा था। पास्टर बजिंदर सिंह की एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुई थी, जिसमें वह महिला से मारपीट कर रहे हैं। यह वीडियो 14 फरवरी की थी, जो 16 मार्च को वायरल हुई थी, जिसमें महिला को थप्पड़ जड़ते हुए पास्टर नजर आया था। इसी वीडियो में बच्चे के साथ बैठी महिला के मुंह पर पास्टर ने कॉपी फेंक कर मारी थी। यह महिला पास्टर के पास काम करती थी।

### पीड़िता ने खुद को बताया खतरा, मांगी सुरक्षा

पास्टर को दोषी करार दिए जाने के बाद पीड़िता मीडिया के सामने आई थी। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि दोषी पास्टर बजिंदर सिंह एक साइको है। अगर वह जेल से बाहर आएगा तो फिर से अपराध करेगा। इसलिए मैं चाहती हूं कि वह हमेशा जेल में ही रहे। पीड़िता ने कहा कि अदालत के इस फैसले से मैं बहुत खुश हूं। यह मेरी अकेले की जीत नहीं है। आज कई लड़कियों (पीड़ितों) ने जीत हासिल की है। अब कई लोग सामने आएंगे। बहुत सारी लड़कियां और लड़के भी बजिंदर सिंह के कब्जे से आजाद होंगे। इस फैसले से मैं खुश हूं। पीड़िता ने डीजीपी पंजाब से अनुरोध किया है कि मुझे और मेरे पति को सुरक्षा दी जाए। क्योंकि आने वाले समय में हम पर हमले हो सकते हैं। इसलिए हमारी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। इतना ही नहीं मेरे और परिवार पर कई झूठे मामले भी दर्ज हो सकते हैं, क्योंकि ऐसे कई केस पहले भी हमारे खिलाफ दर्ज करवाए गए हैं।

## दो मालगाड़ियों की टक्कर के बाद लगी आग, दो की मौत

**रांची।** झारखंड के साहेबगंज जिले में आज तड़के दो मालगाड़ियों के बीच हुई टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, बिजली कंपनी एनटीपीसी की ओर से संचालित दो ट्रेनों के बीच टक्कर बरहेट थाना क्षेत्र के भोगनाडीह के पास सुबह करीब तीन बजे हुई। जिस ट्रैक पर यह दुर्घटना हुई, वह भी एनटीपीसी के स्वामित्व में है और इसका इस्तेमाल मुख्य रूप से इसके बिजली संयंत्रों में कोयला परिवहन के लिए किया जाता है। जानकारी के मुताबिक, घटना सुबह 3:30 बजे के आसपास की बताई जा रही है। फरक्का से ललमटिया जा रही मालगाड़ी बरहेट में खड़ी मालगाड़ी से जा टकराई। इसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

## जम्मू-कश्मीर के कठुआ में एनकाउंटर, एक आतंकी ढेर



**कठुआ।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में पंजतीर्थी मंदिर के पास सोमवार रात से चल रही मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया है। हालांकि, सुरक्षाबलों ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। सेना के राइजिंग स्टार कॉर्प्स के मुताबिक 31 मार्च की रात इलाके में संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिली, जिसके बाद सेना ने सर्चिंग शुरू की। आतंकियों की तरफ से फायरिंग के बाद एनकाउंटर शुरू हो गया।

सुरक्षाबलों ने रातभर इलाके की घेराबंदी की, ताकि जंगल में छिपे 3 आतंकी भाग न सकें। हालांकि, मंगलवार सुबह 7 बजे के बाद फायरिंग रुकी है। कश्मीर पुलिस, एनएसजी, सीआरपीएफ और बीएसएफ स्निफर डॉग्स और ड्रोन से आतंकियों की तलाश कर रही है।

बीते 9 दिनों में कठुआ में सुरक्षाबलों की आतंकियों से यह तीसरी मुठभेड़ है। पहली मुठभेड़ 23 मार्च को हीरानगर सेक्टर में हुई थी। सुरक्षाबलों को जैश-ए-मोहम्मद के प्रॉक्सी संगठन पीपुल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट से जुड़े 5 आतंकवादियों के छिपे होने की खबर मिली थी, लेकिन वे भागने में कामयाब रहे थे।

## अंतरिक्ष से अद्भुत दिखता है भारत



**नई दिल्ली।** भारतीय मूल की नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने भारत से जुड़ी अपनी यादों का भी जिक्र किया। दरअसल, सुनीता विलियम्स मीडिया से रूबरू हुईं। इस दौरान ज्यादातर भारत से जुड़े सवाल ही उनसे पूछे गए। उनसे पूछा गया कि अंतरिक्ष से भारत कैसा दिखता है। उन्होंने कहा कि भारत एक महान देश है। यह रोशनी के नेटवर्क जैसा दिखता है। गुजरात, महाराष्ट्र से लेकर सभी छोटे-बड़े शहर और समुद्र... यह अद्भुत है। उन्होंने कहा, 'भारत अद्भुत है। हर बार जब हम हिमालय के ऊपर से गुजरे और मैं आपको बताऊं, बुच ने हिमालय की कुछ अविश्वसनीय तस्वीरें लीं। बस अद्भुत।'



ट्रंप की धमकी पर ईरान ने भी ललकारा

# हमारे ऊपर बम बरसाए तो लेंगे सख्त एक्शन



**तेहरान।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा है अगर वह न्यूक्लियर डील पर सहमति नहीं बनाता है, तो उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। अब अमेरिका की इस धमकी पर ईरान ने भी पलटवार किया है। ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्लाह अली खामेनेई के एक सलाहकार अली लारीजानी ने चेतावनी देते हुए कहा है कि हम परमाणु हथियारों की ओर नहीं बढ़ रहे हैं, लेकिन अगर आप ईरानी परमाणु मुद्दे में कुछ गलत करते हैं, तो आप ईरान को उस ओर बढ़ने के लिए मजबूर कर देंगे, क्योंकि उसे हर हाल में अपनी रक्षा करनी है।

**ईरान के पास नहीं होगा विकल्प**

लारीजानी ने कहा कि ईरान ऐसा नहीं करना चाहता, लेकिन उसके पास कोई विकल्प नहीं होगा। अगर किसी समय अमेरिका या इजरायल की ओर से बमबारी की जाती है तो यकीनन आप ईरान को एक अलग फैसला लेने के लिए मजबूर करेंगे। इतना ही नहीं ईरानी संसद के स्पीकर गलीबाफ ने कहा है कि अगर अमेरिका ने ईरान को धमकाया तो समझ ले कि वह भी बारूद के ढेर पर बैठा है। अगर ईरान पर हमला हुआ, तो अमेरिका और उसके सहयोगियों को पूरे क्षेत्र में असुरक्षा झेलनी पड़ेगी।

**जवाबी हमले से देंगे मुंहतोड़ जवाब**

इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि अगर ईरान परमाणु समझौते पर सहमत नहीं होता है, तो फिर उन पर घातक बमबारी होगी। इसके बात खामेनेई ने रमजान के अंत में एक भाषण के दौरान ट्रंप की टिप्पणी के बारे में कहा, वो शरारत करने की धमकी देते हैं। अगर ऐसा किया जाता है, तो उन्हें जवाबी हमले जरिए इसका मुंहतोड़ जवाब मिलेगा।

**ईरान ने साफ किया रुख**

बता दें कि, ट्रंप ने मार्च में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को चिट्ठी लिखकर चेतावनी दी थी कि तेहरान को या तो नए सिरे से बातचीत के लिए सहमत होना पड़ेगा वरना सैन्य टकराव झेलना पड़ेगा। ईरान ने अमेरिका के प्रस्ताव को सीधे तौर पर खारिज कर दिया। ईरान ने कहा कि तेहरान वाशिंगटन के साथ सीधी बातचीत नहीं करेगा।

जनवरी में पद संभालने के बाद से, ट्रंप ने अपनी अधिकतम दबाव नीति को फिर से लागू किया है, जिसके तहत उनके पहले कार्यकाल में अमेरिका ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर एक ऐतिहासिक समझौते से हटने और तेहरान पर प्रतिबंधों को फिर से लागू करने का फैसला किया था। अमेरिका सहित पश्चिमी देशों ने लंबे समय से ईरान पर परमाणु हथियार हासिल करने का आरोप लगाया है, जिसे तेहरान ने खारिज करते हुए कहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम केवल शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए हैं।

# पश्चिम बंगाल में सिलेंडर ब्लास्ट

## 4 बच्चों सहित 8 लोगों की दर्दनाक मौत



**परगना।** पश्चिम बंगाल के साउथ 24 परगना जिले के पाथर प्रतिमा इलाके में 31 मार्च यानी सोमवार देर रात सिलेंडर में ब्लास्ट हुआ था। हादसे में मरने वालों की संख्या मंगलवार को 8 हो गई। पहले यह आंकड़ा 7 था।

अधिकारियों के मुताबिक मरने वालों में 4 बच्चे और 4 महिलाएं शामिल हैं। सुंदरबन जिले के रढ कोटेश्वर राव ने बताया कि हादसा ढोलाघाट गांव में रात 9 बजे की है। मरने वाले एक ही परिवार के हैं।

पुलिस के मुताबिक शुरूआती जांच में 2 गैस सिलेंडर में ब्लास्ट की जानकारी है। वहीं भाजपा विधायक और विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि यहां क्रूड बम बनाने की अवैध फैक्ट्री चल रही थी। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि सरकार मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और पुलिस प्रशासन घटना को दबाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि रढ कोटेश्वर राव ने कहा कि घर में कोई अवैध पटाखा फैक्ट्री नहीं थी।

टीएमसी विधायक समीर कुमार ने कहा कि पीड़ित परिवार का घर से कुछ मीटर की दूरी पर लाइसेंसी पटाखा फैक्ट्री थी। हो सकता है कि घर में पटाखों का कच्चा माल रखा गया हो, जिससे यह हादसा हुआ हो।

ब्लास्ट में मरने वालों की पहचान हुई हादसे में मरने वालों की पहचान प्रभावती बनिक (80 वर्ष), अरविंद बनिक (65 वर्ष), स्वांतना बनिक (28 वर्ष), अर्नब बनिक (9 वर्ष), अनुष्का बनिक (6 वर्ष), अस्मिता (6 महीने), अंकित (6 महीने) और सुतापा जाना (मंगलवार सुबह अस्पताल में मौत) के रूप में की गई है। रेस्क्यू काम खत्म, पुलिस जांच में जुटी पुलिस ने कहा- आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय प्रशासन की मदद से राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। अब स्थिति कंट्रोल में है। आग पर काबू पा लिया गया है। रेस्क्यू ऑपरेशन खत्म हो गया है। फिलहाल इलाके की घेराबंद की गई है। जांच जारी है। घर में पटाखे का काम चलता था रिपोर्ट के मुताबिक, हादसे वाले घर में कई सालों से पटाखे बनाने का काम होता था। बनिक परिवार में कुल 11 सदस्य रहते थे। जिनमें से 4 अभी भी लापता हैं। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि आग सिलेंडर में विस्फोट के कारण लगी थी।

## कटड़ा से श्रीनगर के बीच चलेगी विशेष वंदे भारत

**जम्मू।** रेलवे ने कश्मीर तक सीधी ट्रेन चलाने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 अप्रैल को कटड़ा से ट्रेन को हरी झंडी दिखा सकते हैं। पहले ट्रेन कटड़ा से श्रीनगर तक चलेगी। अगस्त के बाद से जम्मू से श्रीनगर के बीच ट्रेन चलेगी। इस खंड में विशेष रूप से डिजाइन वंदे भारत ट्रेन चलेगी, जिसमें एसी कोच होंगे। जम्मू रेलवे डिविजन के डिवीजनल कामर्शियल मैनेजर उचित सिंघल ने को कहा था कि अप्रैल मध्य में श्रीनगर के लिए ट्रेन चलेगी। इसको लेकर तिथि अभी तय नहीं है, लेकिन तैयारियां शुरू कर दी हैं। कटड़ा से श्रीनगर के लिए विशेष वंदे भारत ट्रेन चलेगी। इस खंड में सामान्य बोगी वाली ट्रेन नहीं चलेगी। विशेष डिजाइन की गई ट्रेनों का ही परिचालन होगा। इनके खिड़की के शीशे नहीं खुलेंगे। अधिकारी ने कहा कि जम्मू रेलवे स्टेशन के यार्ड रिमॉडलिंग का काम लगभग पूरा हो चुका है। नया ट्रैक बिछाया जा रहा है, प्लेटफार्म बन रहे हैं। रेलवे स्टेशन की मुख्य बिल्डिंग बनाई जा रही है। अगस्त तक जम्मू से श्रीनगर के लिए वंदे भारत ट्रेन चलेगी।

## हैदराबाद यूनिवर्सिटी के पास बुलडोजर एक्शन से तनाव, हिरासत में लिए गए बीजेपी विधायक



**हैदराबाद।** हैदराबाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी कैंपस में उस समय हल्का तनाव पैदा हो गया जब पुलिस ने एक भूखंड को साफ करने के लिए मिट्टी हटाने वाली मशीनें लाए जाने का विरोध कर रहे कई छात्रों को हिरासत में ले लिया। प्रदर्शनकारी छात्रों को रविवार देर रात रिहा कर दिया गया। इस घटना के बाद राजनीतिक विवाद पैदा हो गया है।

तेलंगाना सरकार इस भूमि को विकसित करने की योजना बना रही है, जिसमें एक आईटी पार्क की स्थापना भी शामिल है। कांचा गचीबोवली में 400 एकड़ का यह भूखंड हैदराबाद विश्वविद्यालय के नजदीक है। विश्वविद्यालय के कुछ छात्र और अन्य लोग पर्यावरण संरक्षण संबंधी चिंताओं का हवाला देते हुए भूमि की नीलामी के कथित प्रस्ताव का विरोध कर रहे हैं। इस बीच आज बीजेपी विधायक पायल शंकर और महेश्वर रेड्डी को पुलिस ने हिरासत में लिया। इनका आज यूनिवर्सिटी कैंपस जाने का कार्यक्रम था। इससे पहले कल छात्रों ने बताया कि जब उन्होंने मौके पर बुलडोजर देखा तो वे वहां पहुंचे। कुछ लोग मशीनों पर चढ़ गए, पुलिस के खिलाफ नारे लगाए और मांग की कि वे वापस जाएं। विरोध प्रदर्शन के दौरान उन्हें हिरासत में लिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि कुल 53 छात्रों को एहतियातन हिरासत में लिया गया और बाद में उन्हें रिहा कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारी छात्रों ने सरकारी अधिकारियों के काम में बाधा डाली, जबकि कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिसकर्मियों पर भी हमला किया।

**स्वामी वीरेन अग्रवाल** प्रकाशक **विवेक खंडेलवाल** मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं **विवेक खंडेलवाल** मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित

**प्रधान संपादक अरविन्द सिंह**

**RNI Ragistration No UPHIN/2021/88376**

**निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार**

E MAIL newsnextindia1@gmail.com

Website:-www.nnindianews.com

**(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )**

# एक तिथि एक त्योहार का नियम पूरे यूपी में होगा लागू



**लखनऊ।** एक तिथि एक त्योहार का नियम अब पूरे प्रदेश में लागू होगा। बनारस से प्रकाशित पंचांग के आधार पर ही प्रदेश के व्रत-पर्व और अवकाश का निर्धारण होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर काशी विद्वत परिषद ने इसका खाका तैयार कर लिया है। प्रदेश के सभी पंचांगकारों की सहमति के बाद इस दिशा में कार्य भी शुरू हो चुका है।

काशी के पंचांगों में एकरूपता के बाद अब प्रदेश के पंचांग की तिथियों को एक करने की तैयारी शुरू हो गई है। 2026 में पूरे प्रदेश के लिए एक तिथि एक त्योहार वाला पंचांग सामने आएगा। नवसंवत्सर पर इसे आम जनता के लिए लोकार्पित किया जाएगा। इससे प्रदेश के व्रत, पर्व, तिथि और त्योहारों के बीच होने वाला भेद भी दूर होगा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर काशी विद्वत परिषद ने इसका खाका तैयार कर लिया है और इसे सात अप्रैल को मुख्यमंत्री को भी भेजा जाएगा।

काशी विद्वत परिषद के महामंत्री प्रो. रामनारायण द्विवेदी ने बताया कि प्रदेश का पंचांग तैयार करने के लिए काशी के विद्वानों के साथ ही प्रदेश के प्रमुख पंचांगकारों की टीम बनाई गई है। अगले वर्ष की कालगणना, तिथि, पर्व का सटीक निर्धारण करके एक तिथि एक त्योहार और एक पंचांग के सूत्र पर इसे तैयार किया जाएगा।

काशी हिंदू विश्वविद्यालय में पिछले दिनों आयोजित ज्योतिष सम्मेलन में पंचांगकारों में इस पर सहमति बन चुकी है। 2026 में आने वाले नवसंवत्सर में इसका प्रकाशन किया जाएगा। इसके प्रकाशन की जिम्मेदारी अन्नपूर्णा मठ मंदिर उठाएगा। यह पहला मौका होगा जब पूरे प्रदेश में त्योहारों पर होने वाला मतभेद दूर हो जाएगा। इसका प्रकाशन संवत 2083 यानी 2026-27 के लिए किया जाएगा।

काशी हिंदू विश्वविद्यालय, काशी विद्वत परिषद और काशी के पंचांगकारों के सहयोग से काशी के पंचांगों के अंतर को दूर किया जा चुका है। चैत्र प्रतिपदा से इसकी शुरूआत हुई है। इसमें बीएचयू से बनने वाला विश्वपंचांग, ऋषिकेश, महावीर, गणेश आपा, आदित्य और ठाकुर प्रसाद के पंचांग शामिल हैं। तीन साल की मेहनत के बाद काशी के पंचांगों में एकरूपता आई है।

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, नवरात्र, रामनवमी, अक्षय तृतीया, गंगा दशहरा, रक्षाबंधन, श्रावणी, जन्माष्टमी, पितृपक्ष, महालया, विजयादशमी, दीपावली, अन्नकूट, नरक चतुर्दशी, भैया दूज, धनतेरस, कार्तिक एकादशी, देवदीपावली, शरद पूर्णिमा, सूर्य षष्ठी, खिचड़ी और होली में होने वाला अंतर समाप्त हो जाएगा।

बीएचयू के ज्योतिष विभाग के प्रो. विनय पांडेय का कहना है कि पंचांगों की एकरूपता से समाज के मध्य होने वाला भ्रम दूर होगा। त्योहारों के निर्धारण में केवल उदया तिथि का ही महत्व नहीं होता है। राम नवमी के व्रत पर्व के लिए मध्याह्नव्यापिनी, दीपावली पर प्रदोषव्यापिनी, शिवरात्रि व जन्माष्टमी पर अर्द्धरात्रि का महत्व होता है।

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI
हर खबर पर पक्की नजर

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

## अपना ब्रज

मंगलवार, 01 अप्रैल, 2025 www.nnindianews.com




आगरा मास्टर प्लान-2031 मंजूर

# अब दो एलिवेटेड रोड, 10 नए फ्लाईओवर और अंडरपास

एनएनआई

**आगरा।** प्रदेश सरकार ने आगरा मास्टर प्लान-2031 को मंजूरी दे दी है। आगरा विकास प्राधिकरण ने नए मास्टर प्लान में एमजी रोड पर भगवान टॉकीज से प्रतापपुरा चौराहे तक और रामबाग से टेढ़ी बगिया तक एलिवेटेड रोड बनाने का प्रस्ताव रखा है। इसके साथ ही जाम से मुक्ति के लिए 10 नए अंडरपास और फ्लाईओवर के लिए जगह का सुझाव दिया गया है।

अगले 25 सालों तक शहर में जाम से मुक्ति के लिए इन दोनों एलिवेटेड रोड और 10 अंडरपास-फ्लाईओवर को जरूरी माना गया है। वर्ष 2004 से आगरा में एमजी रोड और यमुना किनारा रोड को एलिवेटेड करने के प्रस्ताव पर चर्चा ही चल रही है। बीते साल एमजी रोड पर मेट्रो के एलिवेटेड ट्रैक के साथ ही एलिवेटेड रोड की मांग की गई थी, लेकिन आगरा महायोजना में एमजी रोड पर भगवान टॉकीज चौराहे से प्रतापपुरा तक और रामबाग से टेढ़ी बगिया तक एलिवेटेड रोड का प्रस्ताव है। टेढ़ी बगिया से नेशनल हाईवे अथॉरिटी हाईवे का निर्माण कर रही है। हाईवे पॉइंट को जोड़ने के लिए एलिवेटेड रोड का प्रस्ताव है, जिससे अलीगढ़, हाथरस की ओर जाने वाले वाहन बिना स्थानीय यातायात में फंसे सीधे निकल जाएं। इससे शहर के लोगों को सुविधा मिलेगी। जाम की समस्या से भी लोगों को जूझना नहीं पड़ेगा। माना जा रहा है कि अंडरपास बनने से शहर के लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी।




### जीआईएस से अवैध निर्माण पर नियंत्रण

मास्टर प्लान-2031 जीआईएस बेस है। सैटेलाइट इमेज से निर्माण, खाली जगह, तालाब, पार्क, वनक्षेत्र की स्थिति पता चलती है। इसमें कोई परिवर्तन होता है उसका पता आसानी से लगाया जा सकेगा। एडीए अधिकारियों ने बताया कि इससे अवैध निर्माणों पर शिकंजा कसेगा।

### ये विशेष क्षेत्र विकसित होंगे

औद्योगिक पार्क, लॉजिस्टिक पार्क, मेगा टाउनशिप, हस्तशिल्प ग्राम, मेगा एमएसएमई क्लस्टर, आयुष पार्क, हैंडिक्राफ्ट सिटी, नॉलेज सिटी, मेडीसिटी

### 2031 की महायोजना में इतनी जमीन

| उपयोग | भूमि हेक्टेयर में |
|---|---|
| आवासीय | 16804.74 |
| मनोरंजन-खुली जगह | 7247.36 |
| सामुदायिक सुविधाएं, पर्यटन | 3816.72 |
| यातायात-परिवहन | 3115.02 |
| उद्योग | 2163.41 |
| एसटीपी, श्मशान | 2713.12 |
| व्यावसायिक | 1444.21 |

**19 फीसदी ग्रीन बेल्ट, 45 फीसदी आवासीय रहेगा क्षेत्र**

एडीए के नए मास्टर प्लान-2031 में आगरा की आबादी 32 लाख होने का अनुमान जताया है। उसके मुताबिक 37,615 हेक्टेयर शहरी क्षेत्र चिह्नित किया गया है। इसमें 19.27 फीसदी ग्रीन बेल्ट है, वहीं 44.68 प्रतिशत क्षेत्र आवासीय, 5 प्रतिशत से अधिक औद्योगिक, ट्रैफिक के लिए 8.28 प्रतिशत भू उपयोग तय किया गया है। सामुदायिक सुविधाओं एवं पर्यटन के लिए 10.15 प्रतिशत और व्यावसायिक के लिए 3.84 फीसदी जमीन रहेगी। 7.21 फीसदी में एसटीपी, पोखर, जलाशय, श्मशान, कब्रिस्तान के लिए तय किया गया है।

**डॉ. पार्थसारथी शर्मा ने जताया आभार:** विश्वविख्यात होम्योपैथी चिकित्सक व गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर डॉ. पार्थसारथी शर्मा ने 2020 में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व जनप्रतिनिधियों से आगरा में मेट्रो से पहले एलिवेटेड रोड की मांग की थी। अब उनकी मांग स्वीकार होने पर उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया है।

## इंडियन बैंक घोटाला: 1.85 करोड़ हड़पे, कैशियर सहित 5 पकड़े

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** थाना जसराना की इंडियन बैंक में 91 खाताधारकों द्वारा जमा की जा रही धनराशि को फर्जी मोहर के सहारे पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार के खाते में भेजने के मामले में पुलिस ने बैंक के कैशियर सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी शाखा प्रबंधक अभी फरार है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कोई भी धनराशि बरामद नहीं की है। पुलिस का कहना है कि पूरी रकम आरोपियों ने ठेके काम और एक जेसीबी खरीदने में लगा दी है। शाखा प्रबंधक समेत आरोपियों की संपत्ति को कुर्क करने की तैयारी कर रही है।

जसराना के फरिहा रोड पर मौजूद इंडियन बैंक में 91 ग्राहकों के खाते से 1.85 करोड़ की धोखाधड़ी की रिपोर्ट अंचल प्रमुख तरुण कुमार विश्नोई ने थाना जसराना में दर्ज कराई। पुलिस ने एक के बाद एक लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो पूरा मामला खुल गया।

सीओ जसराना अमरीश कुमार ने बताया कि पूर्व शाखा प्रबंधक राघवेंद्र सिंह की मिलीभगत से खाताधारकों की धनराशि आकाश मिश्रा, सोमिल, नीलेश, सुखदेव और वीरबहादुर के खाते में जमा करा दी जाती थी। इनमें से कुछ लोग बैंक में रहकर खाता धारकों से नकदी लेकर फर्जी मोहर लगाकर पर्ची दे दिया करते थे। पुलिस की जांच में पता चला कि कुंवरपाल का पुत्र प्रवीन पीडब्ल्यूडी में ठेकेदार है। वह पूरी रकम को ठेकेदारी के काम लगा देता था। इसके अलावा आरोपियों ने इसी रकम में से जेसीबी भी खरीदी है। जेसीबी को बरामद करने का प्रयास पुलिस कर रही है। इसके अलावा मैनेजर ठगी गई रकम का हिस्सेदारी के साथ ही ब्याज भी वसूलता था।

पुलिस ने कैशियर जयप्रकाश निवासी शक्तिनगर पुरानी तहसील के पास थाना टूंडला, आकाश मिश्रा निवासी इंडियन बैंक के सामने जसराना, वीर बहादुर निवासी शिवनगर थाना कोतवाली मैनपुरी, ठेकेदार प्रवीन कुमार एवं उसके होमगार्ड पिता कुंवरपाल निवासी भैंड़ी को गिरफ्तार किया है। पूर्व शाखा प्रबंधक राघवेंद्र सिंह ने गिरफ्तार आरोपियों व अन्य लोगों के साथ मिलकर पूरे मामले को अंजाम दे रहा था।

एसपी ग्रामीण अखिलेश भदौरिया ने बताया कि पूर्व शाखा प्रबंधक संगठित गिरोह बनाकर आर्थिक धोखाधड़ी का कार्य करता है। मामले में कार्रवाई करते हुए कैशियर, ठेकेदार एवं अन्य तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। मामले के मास्टरमाइंड पूर्व शाखा प्रबंधक को गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं। कई अन्य लोगों के नाम भी प्रकाश में आए हैं। सभी की जल्दी ही गिरफ्तारी की जाएगी। कुछ के खाते में धनराशि आ गई है। आरोपियों की कुर्की कराने के भी प्रयास किए जा रहे हैं।

## जेएस यूनिवर्सिटी के कोर्सों की डिग्रियां फर्जी, रद्द होगी मान्यता!

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद की जेएस यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. सुकेश यादव की मुश्किलों में जिला प्रशासन के नोटिस जारी होने के बाद इजाफा हुआ है। जांच समिति अध्यक्ष ने कुलाधिपति पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर एके डिग्री कॉलेज शिकोहाबाद एवं भदावर डिग्री कॉलेज आगरा में नौकरी प्राप्त किए जाने के संबंध में शैक्षिक अभिलेख मांगे हैं। मंगलवार शाम पांच बजे तक सभी शैक्षिक अभिलेख एवं साक्ष्य जिला मुख्यालय दबरई पर मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करने होंगे। यूनिवर्सिटी की भूमि, नक्शा, सभी कोर्सों की डिग्रियों के संबंध में जांच समेत अन्य कई बिंदुओं पर जिला प्रशासन ने शासन के निर्देश पर जांच शुरू कर दी है। इतना ही नहीं राज्य उच्च शिक्षा परिषद लखनऊ के अपर सचिव ने भी यूनिवर्सिटी को नोटिस जारी करते हुए यूनिवर्सिटी के प्रशासनिक अधिकारियों को लखनऊ तलब किया है।

गत 24 मार्च को राधाकृष्ण निवासी हीरो एजेंसी के सामने थाना बाह जनपद आगरा एवं केशवदेव चतुर्वेदी निवासी चन्द्रपुर थाना बाह जनपद आगरा, हाल निवासी 82, राधा विहार कमला नगर जनपद आगरा ने एक शिकायती पत्र जिला प्रशासन की जांच समिति को दिया था।

## राधकुण्ड के निकट मलिहारी कुण्ड का हो पुनरोद्धार

एनएनआई

**मथुरा।** ब्रज वृंदावन देवालय समिति (रजि.) की मासिक बैठक मथुरा पुरी स्थित प्राचीन एवं ऐतिहासिक श्री दीर्घ विष्णु मंदिर में संगठन के अध्यक्ष श्री आलोक कृष्ण गोस्वामी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोस्वामी कृष्णानन्द भट्ट एवं उपाध्यक्ष श्री कान्तानाथ चतुर्वेदी की मौजूदगी में बैठक में मंदिरों के संरक्षण, रखरखाव एवं ब्रज क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा हुई।

बैठक में उपस्थित संगठन के उपाध्यक्ष कान्ता नाथ चतुर्वेदी ने ब्रजभूमि के ऐतिहासिक मंदिरों की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त की और इनके जीर्णोद्धार एवं संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया। संगठन के गोवर्धन समन्वयक महंत श्री राम कृष्ण दास ने कहा कि मलिहारी कुण्ड का वर्णन प्राचीन ग्रंथों में मिलता है, जो कि अब लुप्त प्रायः है। राधा रानी यहाँ पर पुष्प चयन करती थीं। इसका संरक्षण अति आवश्यक है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोस्वामी श्री कृष्णानंद भट्ट ने कहा कि इसके लिए जल्द पत्राचार आरम्भ किया जाएगा एवं जिला स्तरीय अधिकारियों से संस्था के सदस्य मिलेंगे।



सदस्यों ने विशेष रूप से वृंदावन, मथुरा, बरसाना, नन्द गांव, गोकुल एवं गोवर्धन क्षेत्र के प्राचीन मंदिरों की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए, उनके सौंदर्यीकरण, स्वच्छता, सुरक्षा एवं धार्मिक वातावरण को संरक्षित करने के लिए सुझाव दिए।

बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि मंदिरों की पवित्रता बनाए रखने के लिए जनसहयोग एवं प्रशासनिक स्तर पर प्रयासों की आवश्यकता है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मंदिरों की स्थिति को सुधारने के लिए प्रशासन से भी अनुरोध किया जाएगा कि वे मंदिरों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाएँ। बैठक को उपाध्यक्ष श्री कान्ता नाथ चतुर्वेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोस्वामी श्री कृष्णानंद भट्ट, संगठन सचिव श्री दीपक गोस्वामी, श्री आर कृष्णन स्वामी, श्री भगवत स्वरुप शर्मा, श्री अरुण भट्ट, श्री हरिश्चन्द्र गोस्वामी, श्री गोपाल कृष्ण गोस्वामी, महंत राम कृष्ण दास, भारत जोशी, बलराम गोस्वामी, लाल कृष्ण चतुर्वेदी, लक्ष्मण प्रसाद शर्मा, गिर्राज गौतम आदि ने सम्बोधित किया। संचालन संगठन के संयुक्त सचिव जगन्नाथ पोद्दार ने किया एवं धन्यवाद लाल कृष्ण चतुर्वेदी ने किया।

Gmail newsnextindia1@gmail.com


# शराब ठेका पर आक्रोश

## ठेका हटाने की मांग, महिलाओ ने किया रोड जाम

एनएनआई

**आगरा।** काफी समय से देसी शराब के ठेके से परेशान महिलाओ के सब्र का बांध सत्र के पहले दिन टूट गया। हाथों में लाठी डंडे लेकर भारी संख्या में क्षेत्रीय लोग सड़क पर उतर आए और तखत डालकर रोड को जाम कर दिया। जाम लगने के कारण भीषण वाहनो की लंबी कतार लग गई। क्षेत्रीय लोगो का कहना था कि ठेके से 24 घंटे शराब की बिक्री होती है। घर के पुरुष शराब पीने के लिए दिन रात ठेके पर पड़े रहते हैं। ठेके के सामने स्कूल, मैरिज होम और मंदिर भी मौजूद है बावजूद इसके ठेके से शराब की बिक्री होती है। शराबी तत्व के लोग आए दिन लड़ाई झगड़ा करते हैं जिस कारण महिलाओ और बच्चो को निकलने में काफी दिक्कत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सूचना पर पहुँची पुलिस ने जाम खुलवाकर वाहनो को निकलवाया।

ट्रांसयमुना थाना क्षेत्र के टेडी बगिया–जलेसर रोड स्थित देसी शराब के ठेके बंद किये जाने को लेकर मंगलवार सुबह हाथों में लाठी डंडे लेकर महिलाएं सड़क पर उतर आईं। लोगो ने तख्त डालकर आगरा–जलेसर मार्ग को जाम कर दिया। जाम में वाहनो की लंबी कतार दोनों तरफ लग गई। घनी आबादी के बीच ठेका होने से क्षेत्रीय लोगो मे भारी आक्रोश है। ठेके के सामने स्कूल और मैरिज होम भी मौजूद है। महिलाओ का कहना था कि ठेके पर हर समय शराबियों का जमावड़ा रहता है। शराबी आए दिन महिलाओ और युवतियों से अभद्रता व छेड़छाड़ करते हैं। महिलाओ की माँग थी कि ठेके को हटाकर दूसरे स्थान पर स्थान्तरित किया जाए। हंगामे की सूचना पर मौके पर पहुँची पुलिस ने हंगामा कर रहीं महिलाओ को समझा बुझाकर जाम को खुलवाया। घटना की जानकारी आला अधिकारियों को दी गई।





### अधिकारियों से लिखित में कर चुके हैं सुनवाई

क्षेत्रीय लोग एसडीएम को लिखित में शिकायत दे चुके हैं। उनका कहना था कि शिकायत के बावजूद आज तक कोई सुनवाई नही हुई। मौके ओर पहुँची एक्साइज इंस्पेक्टर अनुराधा तिवारी ने बताया कि देसी शराब का ठेका 2018 से इसी स्थान पर संचालित है। इस वर्ष ठेका संचालक बदल गया है। नियमुनासार ठेका इसी स्थान पर रहेगा

### ठेके का होना था उद्घाटन, उससे पहले हो गया हंगामा

देसी शराब के नए स्वामी दीपक कुमार गुप्ता ने मामले की शिकायत आगरा डीएम से की है। उन्होंने बताया कि ठेके का महूर्त सुबह 10 बजे किया था। उससे पहले ही लोगो ने हंगामा खड़ा कर दिया। उनके पास पहली बार ठेका आया है। इससे पहले ठेका किसी और के पास था। उन्ही के व्यक्तियों द्वारा जान बूझकर हंगामा खड़ा किया गया है जिसमे महिलाओ और बच्चो को ढाल बनाकर आगे खड़ा कर दिया गया।

### मंदिर, रेलवे स्टेशन और स्कूलों के सामने खुल रहे ठेकों का विरोध

शहर में मंदिर स्कूल और रेलवे स्टेशन के सामने शराब के ठेके के खुलने से जगह-जगह भारी विरोध किया जा रहा है। जनता का कहना है की नियमो को ताक पर रखकर मधुशालायें खोली जा रहीं हैं। 100 मीटर के दायरे में तीन मंदिर, एक रेलवे स्टेशन और स्कूल होने के बावजूद देसी-अंग्रेजी शराब और बियर के ठेके खोले जा रहे हैं। सुबह से अधिकारियों को फोन पर शिकायतें आना शुरू हो चुकी हैं। बच्चो के उज्वल भविष्य के लिए शहर में तमाम संगठन सक्रिय हैं लेकिन फिर भी किसी का ध्यान इस ओर नही जाता। चेहरा चमकाने की होड़ में संगठनों द्वारा विरोध दर्ज कर धरना देने की बात कही जा रही है लेकिन स्कूलों के आसपास शराब के ठेके, बीड़ी-सिगरेट की तमाम दुकानें खुली हुई हैं फिर भी किसी का ध्यान इस ओर नही।

## एत्मादपुर में भी शराब ठेका के विरोध में धरना-प्रदर्शन, नारेबाजी



एनएनआई

**एत्मादपुर।** नवरात्र के तीसरे दिन आज नगर के बरहन तिराहे पर मंदिर और स्कूलों के निकट आबादी क्षेत्र में शराब की कंपोजिट दुकान खुलने पर मोहल्ला नई बस्ती क्षेत्र की नारी शक्ति गुस्सा हो गई। सुबह मंदिरों में देवी की पूजा करने से पहले क्षेत्र की दर्जनों महिलाओं ने जुलूस के रूप में तहसील पहुंचकर धरना–प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। महिलाओं का रौद्र रूप देख पुलिस–प्रशासन में हड़कंप मच गया। प्रदर्शनकारी महिलाओं के साथ क्षेत्रीय नागरिकों के साथ बच्चे भी थे। उपजिलाधिकारी आरके चौधरी और सहायक पुलिस आयुक्त पीयूष कांत राय के आने पर महिलाओं ने उन्हें शिकायती पत्र सौंपा। महिलाओं का कहना है कि नगर में हाइवे स्थित बरहन तिराहे पर देसी शराब का ठेका चलता था। आज सुबह से अंग्रेजी शराब का भी ठेका यहां खोल दिया गया है। जबकि 50 मीटर की दूरी पर मंदिर और स्कूल संचालित हैं। उन्होंने उक्त कंपोजिट दुकान को हाइवे से 500 मीटर की दूरी पर खुलवाए जाने की मांग रखी। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जिला आबकारी अधिकारी से वार्ता कर दुकान स्थानांतरित करा दी जाएगी। इसके बाद ही महिलाएं तहसील से वापस अपने घर गईं। धरना–प्रदर्शन में मिथलेश कुमारी, मनोज कुमारी आदि के साथ क्षेत्रीय सभासद सोमेंद्र राजपूत, संदीप, नरेंद्र सिंह, आकाश, विनेश कुमार भी शामिल थे।

## इलेक्ट्रिक बस ने ट्रैक्टर ट्राली में मारी टक्कर, एक की मौत

एनएनआई

**फतेहपुर सीकरी।** आज अल सुबह हाईवे पर तेज रफ्तार इलेक्ट्रिक बस में भूसा ले जा रहे ट्रैक्टर ट्रॉली में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वही बस चालक समेत आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। वही मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सोनोठी निवासी वकील (19 वर्ष) पुत्र करतार सिंह ट्रैक्टर ट्रॉली में भूसा लेकर अपनी बुआ के यहां नजीरपुरा जा रहा था। इसी दरमियान तेहरा मोरी के निकट कैला देवी से सवारी लेकर आगरा जा रही जा रही इलेक्ट्रिक बस पीछे से ट्रैक्टर ट्राली से जा टकराई। हादसे मैं ट्रैक्टर चालक वकील की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वही बस चालक राधा रमन सवारी रोहित, रामकुमार, गोलू व शकील घायल हुए। जिन्हे उपचार हेतु सी एच सी भेजा गया। जहां से गंभीर घायल बस चालक राधा रमन को प्राथमिक उपचार के बाद आगरा रेफर कर दिया। वही मृतक ट्रैक्टर चालक के पिता करतार सिंह ने बस चालक के खिलाफ थाना सीकरी में तहरीर दी है।

### वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

– प्रबंधक विज्ञापन

## रूफटॉप में बवालः हथियार लेकर कैसे पहुंचा युवक

## जांच में जुटी पुलिस, एक आरोपी किया गया गिरफ्तार

एनएनआई

**आगरा।** फतेहाबाद रोड स्थित रूफटॉप अनप्लग्ड कोटयार्ड में हुए बवाल के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है। वहीं युवकों की पिटाई करने वाली युवती की मां के दो ऑडियो क्लिप भी पुलिस ने जांच में शामिल किए हैं। अब आरोपी पक्ष ने भी पुलिस आयुक्त को तहरीर दी है। पुलिस इसकी भी जांच करेगी।

रूफटॉप रेस्तरां में 23 मार्च की रात बवाल हुआ था। मामले में 30



मार्च को ताजगंज थाने में दुष्यंत प्रताप सिंह ने बलवा, मारपीट, गाली–गलौज, धमकी, चेन स्नेचिंग आदि की धाराओं में केस दर्ज कराया था। नितिन सतलानी, रेणुका पुरी, सपना, मैनेजर मोहन, बाउंसर और एक अज्ञात महिला आरोपी हैं। मारपीट में चार अज्ञात युवकों का भी जिक्र है।

केस में पिस्टल तानने का आरोप है। पिस्टल नितिन सतलानी के पास थी। उसके पास पिस्टल कहां से आई। यह पता लगाने के लिए पुलिस तलाश में जुट गई है। पुलिस ने नितिन को हिरासत में लिया है। युवक हथियार लेकर कैसे पहुंच गया। सुरक्षाकर्मियों ने उसे रोका क्यों नहीं। दूसरी ओर, पुलिस ने अपनी जांच में धमकी वाले ऑडियो भी शामिल कर लिए हैं। आरोपी पक्ष ने भी पुलिस आयुक्त को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## हाइवे पार करते समय दो की मौत

**एत्मादपुर** एनएनआई। हाइवे पार करते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार ग्रामीण और ट्रक के रौंदने से स्कूटी सवार महिला की मौत हो गई। जबकि उसका देवर और बेटा घायल हो गए। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एत्मादपुर के गांव पीपरिया निवासी नेमसिंह ने बताया कि उनके पिता रमेश चंद्र (57 वर्ष) शाम 7:30 बजे केपी कालेज से निकलकर साइकिल पर हाइवे की तरफ रोड पारकर घर आ रहे थे। इसी दौरान उन्हें किसी अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। परिणाम स्वरूप वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा देख जुटे आसपास के लोगों ने उन्हें एक चरेटैबिल अस्पताल पहुंचाया। जहां से एसएन मेडिकल कालेज आगरा रेफर कर दिया गया। यहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। रमेश चंद्र की मौत की खबर से परिवार में चीत्कार मच गया। इधर आगरा की राजपुर चुंगी इंदिरापुरम कालोनी निवासी अभय शर्मा सुबह एक्टिवा स्कूटी पर अपनी भाभी पूजा (28 वर्ष) पत्नी मधुसूदन और छोटे बच्चे के साथ फिरोजाबाद जा रहे थे। इनर रिंग रोड से यमुना एक्सप्रेसवे इंटरचेंज कट के पास सामने से आ रहे ट्रक के चालक ने स्कूटी को रौंद दिया। इस दौरान महिला की ट्रक के नीचे से मौके पर मौत हो गई। जबकि अभय शर्मा व मासूम बच्चा घायल हो गए। बताया गया है कि महिला गर्भवती थी।

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नज़र

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

## अपना आगरा

मंगलवार, 01 अप्रैल, 2025 www.nnindianews.com



## शहर बनेगा आईटी हब, केंद्रीय टीम जल्द आएगी आगरा

- कार्यकाल की समाप्ति पर नेशनल चैंबर के अध्यक्ष ने किया दावा
- यमुना पर बैराज बनने में सिर्फ एक एनओसी बाकी
- बटेश्वर को पर्यटन के रूप में विकसित करने की मिल चुकी है मंजूरी



एनएनआई

**आगरा।** नेशनल चैंबर के अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने अपने कार्यकाल की समाप्ति पर पत्रकार वार्ता में वर्षभर की गतिविधियों का उल्लेख किया। दावा किया कि उनके कार्यकाल में शहर के विकास के लिए कई कदम निर्णायक दौर में पहुंच गए हैं। शीघ्र ही शहरवासियों को लाभ मिलने लगेगा। जीवनी मंडी स्थित चैंबर भवन में उन्होंने कहा कि शहर में आईटी हब के लिए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने टीम को निर्देश दे दिए हैं। शीघ्र टीम लखनऊ और आगरा के अधिकारियों संग बैठक करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस दिशा में सकारात्मक रुख दिखाया है। चैंबर के प्रयासों से पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की बटेश्वर में 65 फीट ऊंची प्रतिमा लगाए जाने और क्षेत्र को पर्यटन के रूप में विकसित करने पर केंद्र और राज्य सरकार की स्वीकृति मिल चुकी है। चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से भेंट कर यमुना नदी पर बैराज के लिए अंतिम एनओसी देने की मांग की, जिसके जल्द मिल जाने की संभावना है। सात एनओसी पहले ही मिल चुकी हैं। उन्होंने बताया कि चैंबर के नए भवन के लिए भूखंड पर भी राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के साथ सहमति बन गई हैं। इस वर्ष इसका आवंटन होने की उम्मीद है। खेरिया एयरपोर्ट स्थित सिविल टर्मिनल से कई शहरों के लिए विमान सेवाओं को बढ़ाने का प्रस्ताव मंजूरी की ओर है। ताजमहल को रात में खोले जाने पर भी केंद्र और राज्य सरकार में सहमति बन गई है। शहर के प्रमुख स्मारकों पर लाइट एंड साउंड शो शुरू किए जा रहे हैं। शहर में गारमेंट क्लस्टर एवं हैंडीक्राफ्ट क्लस्टर बनाने, फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाने पर भी जोर दिया। केंद्र और राज्य सरकार के मंत्रियों के साथ ही लोकसभा अध्यक्ष और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने भी आगरा के विकास में मदद का आश्वासन दिया। केंद्रीय मंत्री प्रो एसपी सिंह बघेल, सांसद राजकुमार चाहर, एमएलसी विजय शिवहरे और विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल का भी योगदान के लिए आभार जताया।

वार्ता में चैंबर उपाध्यक्ष अम्बा प्रसाद गर्ग, कोषाध्यक्ष नितेश अग्रवाल, नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय गोयल, उपाध्यक्ष संजय कुमार गोयल, कोषाध्यक्ष संजय अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, श्रीकिशन गोयल, सदस्य अमित जैन, गिरीश चन्द गोयल भी उपस्थित रहे।

## वीर महाराणा प्रताप के आदर्शों को अपनाएं युवाः डॉ. मंजू भदौरिया

- सिकतरा और मुजफ्फरपुरा में स्मारक एवं क्रीड़ा स्थल का शिलान्यास



एनएनआई

**आगरा।** शमसाबाद क्षेत्र के ग्राम सिकतरा में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के स्मारक स्थल एवं ग्राम पंचायत मुजफ्फरपुरा भनपुरा तिराहे पर राजमाता अहिल्याबाई होल्कर नंदन क्रीड़ा स्थल का भव्य शिलान्यास जिला पंचायत ने किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। जिला पंचायत अध्यक्ष डा. मंजू भदौरिया ने शिलान्यास करते हुए वीर महाराणा प्रताप के साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को अपनाने की प्रेरणा दी। वहीं, राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के कुशल प्रशासन और लोककल्याणकारी नीतियों को भी याद किया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का अदम्य शौर्य और स्वाभिमान आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणादायक है, वहीं राजमाता अहिल्याबाई होल्कर का प्रशासनिक कौशल और समाज सेवा की भावना एक आदर्श उदाहरण है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि दोनों स्थलों के निर्माण के लिए दस- दस लाख रुपए का बजट रखा गया है। स्मारक स्थल एवं नंदन क्रीड़ा स्थल पर दोनों महान विभूतियों महाराणा प्रताप और रानी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमाएं लगाई जाएंगी ताकि भावी पीढ़ी अपने वास्तविक आदर्शों से प्रेरणा ले सके।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री रामसकल गुर्जर,पूर्व विधायक डॉ. राजेंद्र सिंह, राकेश धनगर, डोंगर बघेल, देवेंद्र बघेल, छोटू बघेल, ब्लॉक प्रमुख बजरंग, शिशुपाल सिंह धाकरे, अनिल चौहान, विजय पाल सिंह, गजेन्द्र परमार, युवराज परिहार, जितेंद्र सिंह, बंटी सिकरवार, जितेंद्र सिकरवार, चंद्रभान सिंह, सुनील सिकरवार, भानू सिकरवार, दशरथ सिकरवार, सोनू परमार, योगेश बघेल, सोनू रघुवंशी सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

Rashtra Deep
Restaurants
Fully Air Conditioned
A/C BANQUET HALL FOR :-
BIRTHDAY KITTY PARTIES &
FAMILY FANCTIONS




NH-2, 15 K.M. Stone, Indian Oil Petrol Pump Premises,
Etmadpur, Agra, Mob :- 9563906777, 9568504777

# जीवंत हो उठीं प्राचीन परंपराएं, झिलमिला रहे घर

- गणगौर मेले में मनमोहक श्रृंगार से दमक रहे गणगौर के जोड़े
- आज शाम को भस्मासुर के पुतले का होगा दहन

एनएनआई





**आगरा।** पारिवारिक सौहार्द, प्रेम और आस्था का सदियों से साक्षी बनता आ रहा है आगरा का गोकुलपुरा क्षेत्र। सोमवार चैत्र नवरात्र की तृतीया से दो दिवसीय गणगौर मेले का शुभारंभ पारंपरिक रीतियों और उत्साह के साथ हुआ।

गणगौर के तीन दर्जन से अधिक जोड़े सजाए गए हैं, जिनकी रात में शोभायात्राएं निकाली गईं। पूरा क्षेत्र झालरों से झिलमिला उठा है। मेले का शुभारंभ विधानसभा सदस्य विजय शिवहरे, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत पौनिया, मुख्य संरक्षक पं. दिनेश चंद्र शर्मा, पं. दाउदयाल शर्मा, संरक्षक रजत अस्थाना और केके शिवहरे ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिनका स्वागत गणगौर मेला कमेटी के अध्यक्ष रामकुमार कसेरा, महामंत्री मनीष वर्मा, कोषाध्यक्ष सुनील वर्मा ने किया।

अध्यक्ष रामकुमार कसेरा ने बताया कि अशोक नगर, गोकुलपुरा, राजामंडी, कंसगेट, बल्का बस्ती, मंसा देवी आदि मेला क्षेत्र में 250 स्टाल लगे हैं। क्षेत्र की हर गली में गणगौर के जोड़ें विराजित किए गए हैं। कुल 32 ईसर और गौरा के जोड़ों को शोभायात्रा के माध्यम से ढोल नगाड़ों के साथ हटकेश्वर मंदिर पर जल ग्रहण के लिए ले जाया गया।

संयोजक अमन वर्मा और उपाध्यक्ष ललित शर्मा ने बताया कि मंगलवार को गणगौर का श्रृंगार किया जाएगा। मध्यरात्रि में गणगौर मेला कमेटी की शोभायात्रा निकाली जाएगी। कमेटी के उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता और ओमप्रकाश वर्मा ने बताया कि गणगौर की प्राचीन परंपरा है।

सह कोषाध्यक्ष विष्णु पोरवाल और मंत्री गोविंद वर्मा ने बताया कि गणगौर त्योहार शिव और पार्वती के पुनर्मिलन और देवी पार्वती की सौभाग्य की कामना से जुड़ा है।

श्री गणगौर मेला कमेटी के मुख्य संरक्षक पंडित दिनेश चंद्र शर्मा ने बताया कि एक अप्रैल को प्रातः चार बजे धनकामेश्वर मंदिर, सिंधी कालोनी, गोकुलपुरा पुलिस चौकी के पास भस्मासुर के 15 फुट ऊंचे पुतले का दहन होगा।

**इन्होंने संभाली व्यवस्था**

मुख्य संरक्षक पंडित दिनेश चंद्र शर्मा, मुख्य संरक्षक पंडित दाऊदयाल शर्मा, रजत अस्थाना, केके शिवहरे, अध्यक्ष रामकुमार कसेरा, महामंत्री मनीष वर्मा, कोषाध्यक्ष सुनील वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, भरत वर्मा, संयोजक अमन वर्मा, उपाध्यक्ष ललित शर्मा, प्रदीप गुप्ता और ओमप्रकाश वर्मा, सह कोषाध्यक्ष विष्णु पोरवाल, मंत्री गोविंद वर्मा, सहमंत्री राकेश वर्मा आदि ने व्यवस्थाएं संभालीं।

# साहित्य राधिका समिति ने होली की मस्ती संग माता की भक्ति




- साहित्य साधिका समिति ने नव संवत्सर पर किया गोष्ठी का आयोजन

एनएनआई

**आगरा।** विक्रम संवत 2082 की चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के उपलक्ष्य में साहित्य साधिका समिति ने 'होली की मस्ती, माता की भक्ति' की थीम एवं नवसंवत्सर के स्वागत में मासिक गोष्ठी का आयोजन नागरी प्रचारिणी के पुस्तकालय कक्ष में किया। प्रारंभ विजया तिवारी की सरस्वती वन्दना के साथ हुआ। सभी को चंदन का तिलक लगाया गया और पुष्प वर्षा कर होली का भी आनंद लिया गया। नव वर्ष और नव संवत्सर का अंतर बताते हुए डॉ. नीलम भटनागर ने गोष्ठी का आगाज किया।

गोष्ठी की अध्यक्ष, केंद्रीय हिंदी संस्थान की पूर्व निदेशक डॉ. बीना शर्मा ने नवसंवत्सर के महत्व पर प्रकाश डाला और मधुर ब्रज भाषा में बुलावे की तिरोहित होती परंपरा पर भी चर्चा की। डॉ. सुषमा सिंह ने दुर्गा सप्तशती से माता के कवच का पाठ प्रस्तुत किया और रमा वर्मा श्याम की अनुपस्थिति में नारी की महिमामय करती उनकी एक कविता भी सुनाई।

नारी सशक्तीकरण के माह मार्च में अनामिका शर्मा एवं सुधा वर्मा ने नारी जीवन के विविध पहलू उजागर किए। डॉ. रेखा गौतम ने लव जिहाद के ज़िक्र के साथ युवतियों को सावधान किया। डॉ. मधु भारद्वाज ने महिला के व्यक्तित्व के नकारात्मक पक्ष पर प्रकाश डाला और द्रोपदी के माध्यम से नारी अस्मिता को भी रेखांकित किया।

राजकुमारी चौहान ने गर्मी से परेशान होकर ईश्वर को राहत देने के लिए लिखी चिट्ठी सुनाकर सबको गुदगुदा दिया। डॉ. रेखा कक्कड़ ने 'मोरे कान्हा के घर आज रंग है' गीत सस्वर प्रस्तुत कर सबको आश्चर्यचकित कर दिया और अपने अरमानों के रंगों में जीती हूँ कविता भी सुनाई।

साधना वैद की पंक्तियां हैं-हर जगह हर मोड़ पर इंसान ठहरा ही रहा, वक़्त की रफ़्तार के संग ज़िंदगी चलती रही। नीलम रानी गुप्ता ने कठपुतली से जीवन के लिए ईश्वर से शिकायत की। श्वेता सागर ने होली का अर्थ ही बदल दिया - होली -होली, मैं तो प्रभु की होली, अब तो सारा जीवन बदल जाएगा। कमला सैनी की पंक्तियां थीं - बहारों के मौसम में कली कली रूठी है, संवेदनाएं ढूंढ रहीं रंगों का आकाश। चारुमित्रा ने देवी मां को संदेश भेजा- जाने वाले एक संदेशा मेरी मां से कह देना, एक दीवानी याद में रोए उसको दर्शन दे देना।

डॉ. यशोधरा यादव ने संचालन किया और माता की भक्ति में लांगुरिया छंद प्रस्तुत किया। केन्द्रीय विद्यालय से अवकाश प्राप्त गायत्री देवी, कमला नगर से पधारी सुषमा सिंह और डॉ.आभा चतुर्वेदी की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही ।

# शिक्षा प्रणाली में पारदर्शिता के लिए अभिभावकों की स्वतंत्रता जरूरी

एनएनआई




- मुख्य विकास अधिकारी को आज सौंपे जाएंगे साक्ष्य

**आगरा।** शिक्षा प्रणाली की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लगाता है। विद्यालयों द्वारा निर्दिष्ट दुकानों से ही पुस्तकें खरीदने की अनिवार्यता न केवल अभिभावकों के आर्थिक बोझ को बढ़ाती है, बल्कि यह एक अनुचित व्यावसायिक गठजोड़ का भी संकेत है। डॉ. मदन मोहन शर्मा और उनकी टीम अनियमितता को उजागर करने का प्रयास सराहनीय है। प्रशासन को इस मामले में निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कदम उठाने चाहिए ताकि भविष्य में इस प्रकार की मनमानी पर अंकुश लगाया जा सके।

शिक्षा प्रणाली की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि अभिभावकों को स्वतंत्र रूप से अपनी सुविधा के अनुसार पुस्तकों और अन्य शैक्षिक सामग्रियों की खरीदारी करने दी जाए। साथ ही, शिक्षा विभाग को सुनिश्चित करना चाहिए कि विद्यालयों द्वारा किसी भी प्रकार की अनैतिक व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा न दिया जाए।

1 अप्रैल 2025 को मुख्य विकास अधिकारी को साक्ष्य सौंपकर उचित कार्रवाई की मांग की जाएगी। इस प्रयास में एडवोकेट ब्रज वर्मा, उमेश सिंह, पंडित नकुल सारस्वत, मोहित सिंह, विधायक शर्मा, शिवम लवानिया, दीपक, मनोज शर्मा, विशेष गोस्वामी सहित अन्य लोग सक्रिय रूप से शामिल हैं।

# सबूत अपार, शिक्षा प्रणाली में हो रही लूट पर कब होगा प्रहार

एनएनआई

- स्कूलों की मनमानी रोकने के लिए पापा संस्था आज सीडीओ को सौंपेगी सबूत
- बेसिक शिक्षा परिषद के निर्धारित पाठ्यक्रम ही सभी बोर्ड के स्कूलों में पढ़ाए जाएं: सीडीओ

आगरा। प्रोग्रेसिव एसोसिएशन ऑफ पेरेंट्स अवेयरनेस (पापा) के चार शिकायती पत्रों पर मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त बोर्ड के प्रबंधक और प्रधानाचार्य को पत्र जारी किया है। जिसमें चेताया है कि बेसिक शिक्षा परिषद के निर्धारित पाठ्यक्रम के अलावा अन्य पाठ्यपुस्तकों का उपयोग न किया जाए। यदि ऐसा होने की शिकायत मिली तो संबंधित विद्यालय की मान्यता निरस्त की जा सकती है। वहीं पापा संस्था के राष्ट्रीय संयोजक दीपक सिंह सरीन ने आरोप लगाते हुए कहा कि हर साल सिर्फ जांच चलती है कार्रवाई नहीं होती। हर साल संस्था इन मुद्दों पर शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन को शिकायतें दर्ज कराती है। हर साल जांच के आदेश होते हैं, मगर कार्रवाई सिर्फ कागजों में ही। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष भी तीन स्कूलों की मान्यता प्रत्याहरण के नोटिस जारी हुए थे जो हवा हवाई हो गए। बीते साल 172 पन्नों का पुलिंदा जिलाधिकारी के कहने पर सभी साक्ष्यों के साथ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिया था , लेकिन तब से आज तक संज्ञान नहीं लिया गया। उन्होंने आगे कहा कि एक अप्रैल को अभिभावकों के साथ सीडीओ मेडम से मिलेंगे और अपना विरोध दर्ज कराते हुए और मौके पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को बुलाते हुए तत्काल समाधान की मांग करेंगे।

# कान्हा कैटरर्स को अनमोल रत्न अवार्ड



**आगरा** (एनएनआई)। लखनऊ के होटल ताज में तपस्या फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से आयोजित कारोबारियों एवं उद्यमियों के सम्मान कार्यक्रम अनमोल रत्न अवार्ड में आगरा के कान्हा कैटरर्स अनमोल रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्हे यह सम्मान सपा प्रमुख अखिलेश यादव एवं राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने दिया। कान्हा कैटरर्स ने इस सम्मान के लिए नितिन कोहली (संरक्षक तपस्या फाउंडेशन), सम्मी वोहरा (संरक्षक तपस्या फाउंडेशन) , पूजा खिलवानी (अध्यक्ष तपस्या फाउंडेशन) का आभार जताया।

# भगवान झुलेलाल के जयकारों से गूंजा आगरा

## धूमधाम से निकली शोभायात्रा, झूमे भक्त

शोभायात्रा में महाकाल, बजरंग बली और राधा-कृष्ण की सजीव झांकियां बैंड बाजों पर झूमते नाचते निकले श्रद्धालु, खूब लगे भगवान झूलेलाल के जयकारे



एनएनआई

**आगरा।** पूज्य बहराणा साहब की ज्योति प्रज्ज्वलन के साथ जैसे ही शोभायात्रा का शुभारम्भ हुआ हर तरफ भगवान झूलेलाल के जयकारे गूंजने लगे। जय झूलेलाल सिंधी पंचायत समिति जयपुर हाउस द्वारा वरुणावतार भगवान झूलेलाल जयन्ती पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें महाकाल की झांकी आकर्षण का मुख्य केन्द्र रही, वहीं फूलों की होली खेलते राधा-कृष्ण की सजीव झांकियों ने हर भक्त को भक्ति के सागर में डुबो दिया। बजरंग बली के साथ श्रीहरि के भजनों पर श्रद्धालु भी खूब झूमें। आतिशबाजी भी की गई।

घोड़ों की अगुवाई में बैंडबाजों से भगवान झूलेलाल की झांकी के समक्ष शोभायात्रा का शुभारम्भ समिति के संरक्षक शोभाराम पुरसनानी, रमेश बालानी, अध्यक्ष सुरेश सीतलानी, महामंत्री नरेन्द्र पुरसनानी, कोषाध्यक्ष ठाकुरदास आवतानी ने पूज्य बहराणा साहब की ज्योति प्रज्ज्वलित कर व भगवान झूलेलाल की आरती कर किया। जगह-जगह शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। मीडिया प्रभारी रवि गिदवानी ने बताया कि मंदिर परिसर में दोपहर से ही भंडारा व कीर्तन के साथ भक्तिभाव में हर श्रद्धालु डूबा है। भगवान झूलेलाल की जयन्ती पर मंदिर परिसर को विदेशी फूलों व रोशनी से सजाया गया। मंदिर में सजी आकर्षक झांकियां देवलोक का एहसास कराती नजर। मंदिर में मातारानी, शिव परिवार व भगवान झूलेलाल को छप्पन भोग लगाए गए। शोभायात्रा में झूमते गाते और आतिशबाजी करते हुए हजारों श्रद्धालु पूरे क्षेत्र में भ्रमण किया।

## ढोल नगाड़ों पर झूमे भक्तजन

एनएनआई

**आगरा।** ढोल नगाड़ों संग गूंजी भक्ति मय स्वर लहरियों संग भगवान झूलेलाल जी के डोले के प्रवेश करते ही हर तरफ जय झूलेलाल के जयकारे गूंजने लगे। श्रद्धा और भक्ति के इस अनूठे संगम में सर्वप्रथम शहनाई संग भगवान झूलेलाल के डोले के उपरान्त विध्नविनाशक गणपति की झांकी थी। सिंधी युवा मंच व पूज्य सिंधी जनरल पंचायत शाहगंज द्वारा झूलेलाल जयन्ती के उपलक्ष्य में आयोजित शोभायात्रा का शुभारम्भ हरगुनदास स्कूल से उद्घाटनकर्ता सोमनाथ धाम के योगी जहाजनाथ जी, मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री एस पी सिंह बघेल, केबिनेट मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने वरुणावतार भगवान झूलेलाल की आरती कर किया। रुई की मंडी स्थित झूलेलाल मंदिर से पावन ज्योत प्रज्ज्वलित की गई। इस अवसर पर सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के अध्यक्ष



चंद्रप्रकाश सोनी, महामंत्री हेमन्त भोजवानी जी, पं. भूपेन्द्र शर्मा, पार्षद राधारानी मानवानी भी मौजूद थीं।

बैंड बाजों और ढोल नगाड़ों संग भगवान झूलेलाल व साईं लीलाशाह के भजनों पर झूमते गाते श्रद्धालुओं संग शोभायात्रा रुई की मंडी से प्रारम्भ होकर शाहगंज बाजार, संगीता रोड भोगीपुरा, जोगीपाड़ा होते हुए रुई की मंडी चौराहे पर सम्पन्न हुई। अंत में बस द्वारा सिंधुनगरी बल्केश्वर घाट जाकर सभी श्रद्धालुओं ने पावन ज्योत को विसर्जित किया। शोभायात्रा में मां दुर्गा संग नौ देवियों, स्वामी लीलाशाह भगवान, बानरों की सेना संग बाहुबली वीर हनुमान जी की आकर्षक झांकी संग बाबा ठाकुरनाथ साहिब व अंत में थी भगवान झूलेलाल की झांकी। जिसका जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।



## झूलेलाल शोभायात्रा का हुआ स्वागत

**आगरा** एनएनआई। पूज्य सिंधी पंचायत,वेस्ट अर्जुन नगर सिंधी कॉलोनी आगरा द्वारा भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा रविवार सांय बड़ी धूमधाम से निकाली गई।भगवान झूलेलाल की शोभा यात्रा का प्रारंभ झूलेलाल मंदिर,सिंधी कॉलोनी से हुआ।

शोभा यात्रा का शुभारंभ सोमनाथ धाम शाहगंज के गुरु रुद्रनाथ द्वारा भगवान झूलेलाल की ज्योत जलाकर व आरती कर किया गया। शोभायात्रा सिंधी कॉलोनी से मैन गेट होकर अर्जुन नगर तिराहे होते हुए पुनः झूलेलाल मंदिर सिंधी कॉलोनी पर पहुंचकर समाप्त हुई।भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा में भक्तजन भक्तिभाव से नाचते गाते रहे।"आयो लाल झूलेलाल" के उद्घोष से पूरी शोभायात्रा भक्ति के रंग में सरोवर रही। शोभायात्रा का जगह-जगह पर पुष्प वर्षाकर भव्य स्वागत किया गया। सभी ने भगवान झूलेलाल से सुख,शांति की कामना की ।

## नवसंवत्सर पर हुई ब्रजभाषा साहित्य व काव्य गोष्ठी

**आगरा** एनएनआई। राष्ट्र सेविका समिति आगरा द्वारा आयोजित नव संवत्सर मेला-2025 में ताज लिटरेचर क्लब के तत्वावधान में ब्रजभाषा साहित्य स्टाल पर ब्रजभाषा साहित्य/काव्य गोष्ठी बड़ी धूमधाम से संपन्न हुई।

परिचर्चा/काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए ब्रजकवि डॉ. रामप्रकाश चतुवेर्दी ने... "नारी के रूप में नारि कहयौ, कहुँ काटि के मोहे नीर बहायौ"। ब्रज शैली के माध्यम से कहा कि लोक गीतों की परंपरा को जिंदा रखने के लिए ब्रज के हर रचनाकार को ब्रज भाषा में साहित्य लेखन को विस्तार देना होगा।

मुख्य अतिथि डॉ.शेषपाल सिंह 'शेष' ने अपने आतिथ्य उद्बोधन में कहा कि ब्रज भाषा के विकास में आज जरूरत है कि कवि-लेखक



ब्रज संस्कृति में जीवन जीने की आदत डालें व ब्रज लोक परंपरा-शैली का अध्ययन करें और ब्रजभाषा में नित नई रचना रचें।

परिचर्चा/काव्य गोष्ठी में अन्य चर्चित कवि-साहित्य प्रेमियों में सर्वश्री प्रभुदत्त उपाध्याय ऊषा गिल 'सहज' रामकुमार रावत जगन प्रसाद तेहरिया आर के शर्मा गोपाल गौड़ मनोज कुमार चतुवेर्दी हरवीर परमार आदि ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता दी। कार्यक्रम का कुशल संचालन कवयित्री अनुपमा दीक्षित ने किया। अंत में कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी अतिथि व आगंतुक महनीय रचनाधर्मियों का धन्यवाद ज्ञापित कवयित्री भावना वरदान शर्मा ने किया।

## डॉ नरेश शर्मा का दूसरा क्लीनिक शुरू



**आगरा** एनएनआई। नवरात्रों के दूसरे दिन समय लगभग सुबह 10 बजे आगरा के सर्वश्रेष्ठ न्यूरोफिजिशियन डॉक्टर नरेश शर्मा के नये क्लीनिक न्यूरो क्लीनिक कपीश्वर न्यूरो हेल्थ केयर का गांधी नगर, सुल्तानगंज की पुलिया पर शुरूआत की। किसी भी प्रकार की नसों की बीमारी जैसे कमर दर्द, गर्दन दर्द, चक्कर, सिर दर्द, दौरा, हाथ पैरों में सुन्नपन, झनझनाहट, पार्किंसन सभी न्यूरो की बीमारी संबंधित मरीज देखेंगे। डॉ नरेश शर्मा ने हवन पूजा कर व फीता काटकर अपने दूसरे क्लीनिक का शुभारंभ किया। मरीज देखने का समय सुबह 08 बजे से 11 बजे एवं शाम 04 बजे से 07 बजे तक।




न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर खबर पर पक्की नज़र




## क्योरी के करौली माता मेले में उमड़ी भीड़

**पिनाहट** एनएनआई। क्योंरी के सुप्रसिद्ध करौली माता मंदिर पर सोमवार को मेले का आयोजन हुआ। जिसमे सुबह से शाम तक भक्तों की भीड़ें उमड़ती रही। नेजा चढ़ाने और पूजा अर्चना करने के लिए भक्त दूर दराज से माता रानी के दर्शन करने पहुंचे हैं। मान्यता के अनुसार भक्तों की मन्नत पूरी होने पर मेला के दिन नेजा चढ़ाते हैं। मेले में मातारानी की भेंटों पर लोग झूमते रहे है। मेले की व्यवस्था कमेटी द्वारा की गयी है। वहीं बसई अरेला मे चामण माता मंदिर पर बुधबार 6 अप्रेल को मेले का आयोजन किया जाएगा यह जानकारी प्रधान सुभाष सिंह ने दी है।

# मशीन से कुचली बाइक बाल-बाल बचे तीन युवक

एनएनआई

**बाह।** जाको राखे सईंया मार सके ना कोय कहावत बटेश्वर में सोमवार की दोपहर उस वक्त सच साबित हो गई, जब मंदिर कारीडोर के निर्माण के लिए आई मशीन से बाइक कुचल गई और सवारों को खरोंच तक नहीं आई। बटेश्वर में मंदिर कारीडोर का विकास हो रहा है। निर्माण कार्य के लिए मशीन आई है। सोमवार को फिरोजाबाद के आदित्य, केशव, आर्यन बटेश्वर में बाइक से भोलेनाथ के दर्शन पूजन को आए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक उनकी बाइक मशीन के नीचे फंस कर चकनाचूर हो गई। बाइक सवारों ने कूद कर अपनी जान बचाई। सवारों को खरोंच तक नहीं आई। मशीन से बाइक क्षतिग्रस्त होने पर पैदा हुई विवाद की स्थिति पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को बटेश्वर चौकी पर ले पहुंची। जहां पर दोनों के बीच समझौते के बाद उन्हें छोड़ दिया। तीनों बाइक सवारों ने बताया कि मन्नत पूरी होने पर ब्रह्मलाल महाराज मंदिर में घंटा चढ़ाने आए थे। भोलेनाथ की कृपा से जान बच गई।



## थार की टक्कर से दो युवक घायल

**बाह।** बटेश्वर खांद मार्ग के ढ़लान पर सोमवार की दोपहर थार की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गये। घायल बाइक सवारों को बाह सीएचसी से एसएन मेडीकल कॉलेज आगरा के लिए रेफर किया गया है। शमसाबाद की जाटव बस्ती के अभिषेक और नीरज अपनी बाइक से बटेश्वर से घर लौट रहे थे। वहीं बटेश्वर की ओर थार से श्रद्धालु दर्शन पूजन को जा रहे थे। ढ़लान पर थार की चपेट में आने से दोनों बाइक सवार घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए बाह सीएचसी भिजवाया।

# हनुमान जन्मोत्सव पर 15 को निकलेगी शोभायात्रा



एनएनआई

**फतेहपुर सीकरी।** कस्बे के जय श्री राम मंदिर पर बजरंगियों ने बैठक कर हनुमान जन्मोत्सव पर निकलने वाली शोभायात्रा के बारे में विचार विमर्श किया। बता दें की शोभा यात्रा आगामी 15 अप्रैल को कस्बे के 13 दरवाजे से शुरू होगी संतोष नगर स्थित हनुमान मंदिर पर शोभा यात्रा का समापन होगा। शोभा यात्रा में गणेश जी हनुमान जी व राम दरबार की झांकियां मुख्य रहेगी। बैठक में मुख्य रूप से बजरंग दल के विभाग संयोजक आर के इंदौलिया, विहिप के जिला सहमंत्री मनोज शर्मा, हेमेंद्र तिवारी, सागर चौधरी, जगमोहन चाहर, ओमी टीकरी, सुरेश चौधरी , होला पहलवान, हरिओम मंगल , यदुवीर महुरा,अशोक राजपूत, पुष्पेन्द्र चौधरी,अजीत चौधरी, विकेश राजपूत शिशुपाल कटारा , राम परमार, मनोज सरपंच, योगेश डगुर,योगेश इंदौलिया,मोहित चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## मंदिर पर मांस मदिरा सेवन करने से मना करने पर मारपीट

**फतेहपुर सीकरी** एनएनआई। ग्राम सीकरी चार हिस्सा में देवी मंदिर पर मांस मदिरा का सेवन कर रहे युवकों को मना करने पर एक युवक को मारपीट गंभीर घायल कर दिया।

सोमवार अपराह्न ग्राम सीकरी चार हिस्सा में देवी मंदिर पर कलंदर बस्ती के कुछ युवक मांस मदिरा का सेवन कर रहे थे। जब राजू पुत्र मदन लाल ने उनको मना किया तो आरोपी युवक हमलावर हो गए और राजू के साथ जमकर मारपीट की और गंभीर चोटें पहुंचाई। मौके पर पहुंचे परिवारजनों द्वारा गंभीर घायल राजू को थाने लाया गया जहां से चिकित्सीय परीक्षण और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। उक्त संबंध में राजू के भाई लोकेंद्र द्वारा आरोपियों को नामजद करते हुए तहरीर थाना पुलिस को सौंपी गई है। लोकेंद्र द्वारा बताया गया कि आरोपी गण अवैध नशे के कारोबार में लिप्त हैं।

## सख्ती के बावजूद खनन पर नहीं लग रही लगाम



**कागारौल** एनएनआई। शासन और प्रशासन की लाख सख्ती के बावजूद खनन का कारोबार फलता फूलता जा रहा है। हाल ही में रात के अंधेरे में ट्रैक्टरों से पत्थरों की ढुलाई का वीडियो सामने आया है। जो कागारौल का बताया जा रहा है। वीडियो में ट्रैक्टरों से पत्थरों की ढुलाई का कार्य फर्राटे से होता दिखाई दे रहा है। ट्रैक्टरों से खनन की ढुलाई के वीडियो के बात करें तो थाना कागारौल आगरा में रात 12 बजे से सुबह 6 बजे तक रोजाना सैकड़ों की संख्या में कृषि कार्यों के लिए खरीदे गए ट्रैक्टरों के माध्यम से अवैध रूप से पत्थर की ढुलाई के लिए खरीदे गए ट्रैक्टरों के माध्यम से अवैध रूप से पत्थर की ढुलाई हो रही है। सभी ट्रैक्टर काफी ओवरलोड होते हैं।

# पिता-पुत्री को पीटने पर 7 पर केस

## गेंहू की फसल जबरन काटने के विरोध पर किया था हमला


एनएनआई

**बाह।** हिंगोट खेड़ा गांव में रविवार की शाम गेंहू की फसल जबरन काटने के विरोध पर पिता-पुत्री पर परिजन और रिश्तेदारों ने हमला किया था। पुलिस ने 7 पर केस दर्ज कर लिया है। हिंगोट खेड़ा की प्रीती ने पुलिस को बताया कि रविवार की शाम 5 बजे वह पिता बदन सिंह, बहन संगीता के साथ खेत पर काम कर रही थी। तभी छोटा भाई संदीप, उसकी पत्नी हेमलता, हेमलता के पिता धिमश्री गांव के सिद्धार सिंह, भाई जयदीप, विनोद, गौंसिली गांव की बहन शांती, उसके बेटे अंकित ने पिता द्वारा बोई गेंहू की फसल जबरन काटने का प्रयास किया। विरोध करने




पर बहन संगीता और पिता बदन सिंह के साथ लात घूसों, लाठी डंडों से मारपीट की। जिससे संगीता के हाथ, पैर, सिर, गर्दन में चोटें आई हैं। आरोप है कि फावड़े के प्रहार से संगीता का सिर फूट गया। उसके गिर कर बेहोश होने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देकर चले गये। एसओ बाह सुरेश चन्द ने बताया कि तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश और मामले की जांच की जा रही है।

**दुस्साहसः चौकी पर समझौते के बाद भी किया हमला-** बदन सिंह ने अपनी बोई गेंहू की फसल बेटे संदीप द्वारा काटे जाने की शिकायत जरार चौकी पर की थी। दोनों पक्षों को चौकी पर बुलाया था। पुलिस ने 'जिसने फसल बोई है, वही काटेगा' का नियम समझाया था। जिस पर दोनों पक्षों में सहमति बन गई थी। दुस्साहस देखिए, सहमति के बाद भी संदीप पक्ष ने फसल काटने का प्रयास किया और विरोध पर हमला भी।



न्यू आगरा के इंद्रपुरी स्थित माता के मंदिर में चैत्र नवरात्र पर भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। सुबह से शाम तक भक्तों का दरबार में पहुंचना जारी है। मंदिर में नौ दिन तक हवन पूजन भी किया जा रहा है। दूर-दूर से लोग यहां दर्शन करने के लिए आ रहे हैं।

## संपादकीय

# किसान आंदोलन के सबक

एक तरफ केंद्र सरकार किसानों के साथ बातचीत कर रही थी तो दूसरी ओर पंजाब सरकार ने सीधी कार्रवाई करके किसानों का आंदोलन खत्म कराया। सवाल है कि केंद्र सरकार की सात या आठ दौर की किसानों से बातचीत में क्या हो रहा था, जो बातचीत एक कदम आगे नहीं बढ़ रही थी? हर बातचीत के बाद एक नई तारीख तय हो रही थी। सोचें, रूस और यूक्रेन के युद्ध जैसे जटिल मसले पर पहली बैठक में युद्धविराम की सहमति बन गई। लेकिन किसानों की मांग में ऐसी क्या जटिलता थी कि अनेक दौर की बातचीत के बाद भी कोई बताने लायक सहमति नहीं बन पा रही थी? जाहिर है केंद्र सरकार किसानों को थका देने की रणनीति पर काम कर रही थी और इसके साथ ही आंदोलन को दूसरे समूहों के बीच अलोकप्रिय बनाने का अभियान भी चल रहा था।किसानों के राष्ट्रीय आंदोलन यानी नवंबर 2020 में दिल्ली की सीमा पर हुए और एक साल तक चले आंदोलन के बाद केंद्र सरकार ने पहले आंदोलन से सबक सीखा था और इसलिए उसने वैसे किसी टूल्स का इस्तेमाल नहीं किया, जिससे किसानों को सहानुभूति मिले। दूसरे उसने देख लिया था कि यह आंदोलन पंजाब और हरियाणा की सीमा पर हो रहा है तो उससे निपटने का जिम्मा भी उसने दोनों राज्यों पर छोड़ दिया। चूंकि किसानों की मांग केंद्र सरकार से थी तो केंद्र सरकार के मंत्री नियमित अंतराल पर किसानों से बात करते रहे। यानी केंद्र सरकार अच्छी बनी रही।ऐसा भी लगता रहा, जैसे सुप्रीम कोर्ट किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत को लेकर बहुत ज्यादा चिंतित है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट की लगातार सुनवाई और कथित फटकार के बावजूद उस मामले में भी सूई की नोक बराबर बदलाव नहीं आया।इस पूरे प्रकरण में तीन चीजें बहुत स्पष्ट होती दिखीं। पहली चीज है किसान संगठनों का बिखराव। जिस तरह से केंद्र सरकार के बनाए तीन विवादित कानूनों को खत्म कराने के लिए देश भर के किसान संगठन एकजुट हुए और तमाम समूहों के बावजूद संयुक्त किसान मोर्चा की एक कमान में आंदोलन हुआ वह इस बार नहीं दिख रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विवादित कानूनों को वापस लेने का ऐलान किया और आंदोलन खत्म हुआ तो किसान समूहों के अंदर सर्वशक्तिशाली सरकार को झुका देने की भावना आ गई। उसके बाद किसान संगठनों में बिखराव शुरू हुआ। विवादित कानूनों को वापस लेते समय ही केंद्र सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी की गारंटी देने का कानून बनाने के लिए समिति बनाने की सहमति दी थी। केंद्र सरकार कई मांगों पर सहमत हो गई थी लेकिन एकजुट रह कर किसान संगठन उन मांगों को पूरा करने का दबाव नहीं बना सके। सबने अपनी डफली अपना राग शुरू कर दिया।दूसरी चीज यह हुई कि पहले आंदोलन को जो लोकप्रिय समर्थन हासिल हुआ वह दूसरे आंदोलन को नहीं हो सका। इसका एक कारण तो किसान संगठनों का बिखराव था लेकिन दूसरा और बड़ा कारण आम नागरिकों की थकान थी या मोहभंग था।किसानों ने पंजाब और हरियाणा की सीमा पर दो जगह, जो आंदोलन खड़ा किया उसको लोकप्रिय समर्थन नहीं मिला और उसकी चमक नहीं बनी। केंद्र सरकार ने भी इस आंदोलन को थोड़ी गंभीरता से तभी लिया जब डल्लेवाल ने आमरण अनशन शुरू किया।तीसरी चीज यह है कि कृषि और किसान से ज्यादा कारोबारियों का दबाव सरकार ने महसूस किया। शंभू और खनौरी बॉर्डर बंद होने से आम लोगों को आने जाने में जो परेशानी हो रही थी वह अपनी जगह थी। लेकिन इससे कारोबार का बड़ा नुकसान हो रहा था। माल ढुलाई के लिए लंबा रास्ता लेना पड़ रहा था, जिससे सामान पहुंचने में ज्यादा समय लग रहा था और कीमत बढ़ रही थी। इससे कारोबारी नाराज थे और सरकार पर दबाव डाल रहे थे तो आम लोगों की भी नाराजगी थी। आंदोलन जितना लंबा चला लोगों की नाराजगी और इस आंदोलन से दूरी उतनी बढ़ती गई। सुप्रीम कोर्ट में बार बार मिल रही तारीखों और केंद्र सरकार के वार्ता के दिखावे ने इसे लंबा चलाने पर मजबूर कर दिया। इससे कारोबारी संगठन नाराज हुए और उन्होंने सरकार पर दबाव डाला कि वह इस आंदोलन को खत्म कराए।इसका एक बड़ा सबक तो यही है कि किसी आंदोलन के लंबे समय तक चलने का यह मतलब नहीं होता है कि वह सफल होगा या उससे वांछित लाभ प्राप्त किया जा सकेगा। कई बार आंदोलन की तीव्रता ज्यादा महत्वपूर्ण होती है बजाय इसके कि वह कितना लंबा चला। दूसरा सबक यह है कि किसानों को सरकार की सत्ता से टकराने के लिए ज्यादा मजबूत सांगठनिक ताकत, एकजुटता और प्लानिंग की जरुरत है। सरकारों ने ऐसे टूल्स विकसित कर लिए हैं, जिनके जरिए वह एक समूह के आंदोलन को दूसरे अनेक समूहों के विरोध में खड़ा कर सकती हैं। सोशल मीडिया के जरिए ऐसे नैरेटिव क्रिएट करना बहुत आसान है। पहले आंदोलन में यह ज्यादा कामयाब नहीं हुआ लेकिन दूसरी बार कामयाब हो गया। तीसरा सबक यह है कि आंदोलन की सफलता की राजनीतिक दलों का सक्रिय या कम से कम नैतिक समर्थन जरूरी है। इसका कारण यह है कि तमाम संगठन चाहे वह मजदूरों के हों, किसानों के या छात्रों, युवाओं और महिलाओं के हों या तो जातियों के आधार पर बंटे हैं या राजनीतिक आधार पर बंटे हैं। इसका नतीजा यह हुआ है कि कोई भी संगठन इतना मजबूत नहीं रह गया है कि वह अपने दम पर सरकार को चुनौती दे सके।

## 1 अप्रैल से हुए 10 बड़े बादलाव

# कॉमर्शियल सिलेंडर सस्ता हुआ तो कार खरीदना हुआ महंगा

नया महीना यानी अप्रैल अपने साथ कई बदलाव लेकर आया है। अब 12 लाख रुपए तक की कमाई पर इनकम टैक्स नहीं देना होगा। इसके अलावा आज से मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, किआ इंडिया, हुंडई इंडिया और होंडा की गाड़ियों के दाम बढ़ गए हैं।




**1.कॉमर्शियल सिलेंडर ?44.50 सस्ता, घरेलू सिलेंडर की कीमतों में बदलाव नहीं**

आज से 19 किलो वाला कॉमर्शियल सिलेंडर ?44.50 तक सस्ता हो गया है। दिल्ली में इसकी कीमत 41 रुपये घटकर 1762 रुपये हो गई। पहले ये 1803रुपये में मिल रहा था। कोलकाता में यह 44.50 रुपये घटकर 1868.50 रुपये में मिल रहा है, पहले इसके दाम 1913 रुपये थे। मुंबई में सिलेंडर 1755.50 रुपये से 42 रुपये घटकर 1713.50 रुपये रुपए हो गया है। चेन्नई में सिलेंडर 1921.50रुपये का मिल रहा है। हालांकि, 14.2 किग्रा वाले घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में यह 803 रुपये और मुंबई में 802.50 रुपये का मिल रहा है।

**2. न्यू टैक्स रिजीम में 12 लाख रुपए तक की इनकम टैक्स फ्री**

अब न्यू टैक्स रिजीम के तहत अब 12 लाख रुपए तक की कमाई पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए 75 हजार के स्टैंडर्ड डिडक्शन के साथ यह छूट 12.75 लाख रुपए हो जाएगी। सरकार ने न्यू टैक्स रिजीम के स्लैब में भी बदलाव किया गया है। पुरानी टैक्स रिजीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

**3. 'महिला सम्मान सेविंग्स सर्टिफिकेट' स्कीम बंद**

सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही खास इन्वेस्टमेंट स्कीम 'महिला सम्मान सेविंग्स सर्टिफिकेट'बंद हो गई। इस स्कीम की डेडलाइन 31 मार्च 2025 थी। इस स्कीम में 7.5% सालाना ब्याज दिया जाता था। इसमें कम से कम 1000 रुपए से लेकर अधिकतम 2 लाख रुपए का निवेश 2 साल के लिए निवेश करने होते थे।

**4. फोर व्हीलर खरीदना हुआ महंगा**

मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, किआ इंडिया, हुंडई इंडिया और होंडा कार्स ने आज से अपनी गाड़ियों की कीमतें बढ़ा दी हैं। मारुति सुजुकी की गाड़ियां 4% तक महंगी हो गई हैं, यह मॉडल के आधार पर अलग-अलग होगी।

**5. इनएक्टिव मोबाइल नंबरों पर काम नहीं करेगा यूपीआई**

अगर आप यूपीआई से ट्रांजैक्शन करते हैं और बैंक से लिंक्ड आपका मोबाइल नंबर लंबे समय से






इनएक्टिव है तो इस नंबर पर यूपीआई का इस्तेमाल नहीं कर सकेगा। ऐसे नंबरों को यूपीआई सिस्टम से हटा दिया जाएगा। ऐसे में आपको पेमेंट करने में परेशानी हो सकती है।

**6. वरिष्ठ नागरिकों को ब्याज से आय पर दोगुनी छूट**

वरिष्ठ नागरिकों को बैंक और पोस्ट ऑफिस के ब्याज से होने वाली कमाई पर मिलने वाली टैक्स छूट को 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपए किया गया है। यानी अब ब्याज की इनकम पर वरिष्ठ नागरिकों को 1 लाख रुपए तक की राहत मिलेगी।

**7. केंद्रीय कर्मचारियों के लिए यूनिफाइड पेंशन स्कीम शुरू होगी**

नेशनल पेंशन स्कीम तहत आने वाले केंद्रीय कर्मचारी अब यूनिफाइड पेंशन स्कीम का फायदा ले सकते हैं। इस स्कीम में कम से कम 25 साल की सर्विस वाले कर्मचारी अपने अंतिम 12 महीनों के औसत मूल वेतन के 50% के बराबर पेंशन के लिए पात्र होंगे। इसमें न्यूनतम पेंशन 10 हजार रुपए महीने की गारंटी भी है। यह योजना पुरानी पेंशन स्कीम, नई पेंशन स्कीम और कर्मचारियों की विभिन्न मांगों के बीच एक संतुलन बनाने के लिए लाई गई है। यूपीएस के तहत कर्मचारी अपनी सैलरी का 10% योगदान देंगे, जबकि सरकार 18.5% का योगदान करेगी (एनपीएस में सरकार 14% देती थी)। मौजूदा एनपीएस के तहत आने वाले कर्मचारी वढर चुन सकते हैं या एनपीएस में ही रह सकते हैं।

**8. यूलिप पर कैपिटल गेन टैक्स**

यदि यूलिप यानी, यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान का प्रीमियम प्रति वर्ष 2.5 लाख रुपए से अधिक है, तो इसे कैपिटल एसेट माना जाएगा। ऐसे यूलिप को भुनाने से होने वाले किसी भी फायदे पर कैपिटल गेन टैक्स लगेगा। यूलिप एक ऐसा प्रोडक्ट है जिसमें प्रीमियम का एक हिस्सा शेयर बाजार में निवेश किया जाता है।

यदि इसे 12 महीने से अधिक समय तक रखा जाता है, तो इस पर लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन के रूप में 12.5% टैक्स लगेगा।

यदि इसे 12 महीने से कम समय तक रखा जाता है, तो इस पर शॉर्ट टर्म कैपिटल गेनके रूप में 20% टैक्स लगेगा।

**9. बैंक में मिनिमम बैलेंस से जुड़े कई नियम में बदलाव**

एसबीआई, पंजाब नेशनल बैंक, केनरा बैंक और कुछ अन्य बैंकों ने मिनिमम बैलेंस से जुड़े कई नियम में बदलाव किया है। अब यह बैलेंस इस बात पर निर्भर करता है कि आपका खाता शहरी, अर्ध-शहरी या ग्रामीण इलाके में है। आपको तय राशि से कम बैलेंस पर जुमार्ना भी देना पड़ सकता है।

**10. एटीएफ 6,064.1 रुपए तक सस्ताः हवाई सफर सस्ता हो सकता है**

ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों को घटाया है। इससे हवाई सफर सस्ता हो सकता है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, चेन्नई में एटीएफ 6,064.10 रुपए सस्ता होकर 92,503.80 रुपए प्रति किलोलीटर (1000 लीटर) हो गया है।



# दिव्या खोसला शूटिंग के दौरान हुई घायल

अभिनेत्री और फिल्म निमार्ता दिव्या खोसला को हाल ही में अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग के दौरान पैर में चोट लग गई। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें उनके पैर पर पट्टी बंधी हुई है। दिव्या ने अपनी आगामी परियोजना के लिए शूटिंग शुरू कर दी है, लेकिन शूटिंग के दौरान उन्हें तब झटका लगा जब वह घायल हो गईं। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपना दर्द साझा किया। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, "शूट के दौरान लगी चोट।" दिव्या द्वारा निर्देशित हिमांश कोहली और रकुल प्रीत सिंह की फिल्म "यारियां" 21 मार्च को फिर से रिलीज की गई। 2014 की रोमांटिक-कॉमेडी ड्रामा ने सभी को कॉलेज के दिनों को फिर से जीने का मौका दिया।



## मैं सफलता या असफलता को ज्यादा महत्व नहीं देती, यह हमारे जीवन का हिस्सा...

# जेनेलिया देशमुख

जेनेलिया देशमुख ने कहा, मैं सफलता या असफलता को ज्यादा महत्व नहीं देती, यह हमारे जीवन का हिस्सा है, क्योंकि वह मातृत्व और उद्यमिता के बीच तालमेल बिठाती हैं!

हाल ही में महिला सशक्तिकरण पर आयोजित एक कार्यक्रम में जेनेलिया देशमुख ने सफलता, असफलता, मातृत्व और उद्यमिता के बीच तालमेल बिठाने के बारे में अपने विचार साझा किए। मुंबई, मार्च 2025: सफलता और असफलता के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा, मैं सफलता या असफलता को ज्यादा महत्व नहीं देती। यह हमारे जीवन का हिस्सा है। मुझे लगता है कि हम अपनी सफलता को बहुत बढ़ा-चढ़ाकर बताते हैं और असफलता पर बहुत जोर देते हैं। जबकि आपके दैनिक जीवन का प्रभाव और इरादा महत्वपूर्ण है। एक ऐसी अभिनेत्री होने के नाते, जिसने छह भाषाओं में काम किया है, एक ऐसी अभिनेत्री जिसने बच्चों के जन्म के कारण ब्रेक लिया, मुझे याद है कि लोग मुझसे कहते थे, 'ओह, तुम 10 साल बाद फिल्मों में वापस आना चाहती हो, यह काम नहीं करेगा,' लेकिन मेरी वापसी वाली फिल्म एक कल्ट बन गई। हमें लोगों की बात नहीं सुननी चाहिए। जेनेलिया ने मातृत्व और स्टारडम के बीच के अंतरसंबंध के बारे में भी खुलकर बात की, इस बात पर जोर देते हुए कि कैसे उन्होंने अपने एक दशक के ब्रेक के दौरान अपने बच्चों को प्राथमिकता दी। उन दस सालों के दौरान, मैं खुद पर, अपने बच्चों पर ध्यान केंद्रित कर रही थी, और मुझे याद है कि रितेश ने मुझसे कहा था कि हमें अपने बच्चों को सक्षम बनाना होगा। मैं एक मांसाहारी हूँ और मुझे आसानी से प्रोटीन लेने की आदत है, इसलिए मुझे इससे जूझना पड़ा। यहीं से इमेजिन का जन्म हुआ। यह हर उस फ्लेक्सिटेरियन के लिए है, जो हफ़्ते में पाँच दिन मांस खाता है, लेकिन हफ़्ते में दो बार अन्य विकल्प चुनता है। यहाँ तक कि जब शाकाहारी खाने की बात आती है, तो प्रोटीन सेवन की बात आती है तो हमारे पास चुनने के लिए बहुत कम विकल्प होते हैं। इसने मुझे और रितेश को एक स्थाई विकल्प बनाने के लिए प्रेरित किया। पैनल में मसाबा गुप्ता, मेघना घई पुरी, अनन्या बिड़ला, अश्विनी अय्यर तिवारी और अन्य जैसे उल्लेखनीय नाम शामिल थे, जिन्होंने महत्वाकांक्षा और कल्याण के बीच नाजुक संतुलन का पता लगाया। जेनेलिया की यात्रा द्रढ़ता, अपनी देखभाल और सामाजिक अपेक्षाओं के बावजूद अपने जुनून के प्रति सच्चे रहने का प्रमाण है।



# अनन्या की आईपीएल समारोह में दी प्रस्तुति, पिता चंकी पांडे खुश

अभिनेत्री अनन्या पांडे ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और मुंबई इंडियंस (एमआई) के बीच आईपीएल मैच शुरू होने से ठीक पहले मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में बॉलीवुड ग्लैमर का तड़का लगाया। युवा कलाकार को मुंबई में आईपीएल मेगा समारोह में प्रस्तुति देने के लिए चुना गया था। अपने ऊजार्वान नृत्य से, उसने निश्चित रूप से दर्शकों, विशेष रूप से बॉलीवुड प्रशंसकों को उत्साहित किया। अनन्या के पिता और अभिनेता चंकी पांडे, जो स्टेडियम में मौजूद थे, ने अनन्या के प्रदर्शन का एक वीडियो साझा किया और इसे कैप्शन दिया, बिल्कुल बिजली जैसा माहौल।

## आईपीएल 2025 : शानदार रिकॉर्ड के नाम रहा एमआई और केकेआर का मैच


# 8 विकेट से एमआई की जीत

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 12वें मैच में डेब्यूटेंट अश्विनी कुमार ने चार विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया और अपनी टीम मुंबई इंडियंस (एमआई) को मौजूदा सीजन की पहली जीत दिलाई। एमआई ने यह मैच 8 विकेट से जीत लिया, जब उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) द्वारा दिए गए 117 रनों के छोटे टारगेट का पीछा केवल 12.5 ओवरों में ही कर लिया। एमआई के साथ-साथ यह मैच रिकॉर्ड बुक के लिए भी शानदार रहा।

**नई दिल्ली।** मोहाली से आने वाले 23 साल के बाएं हाथ के पेसर अश्विनी कुमार आईपीएल के डेब्यू मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने 24 रन देकर चार विकेट हासिल किए। वह पहले ही आईपीएल मैच में चार विकेट लेने वाले पहले भारतीय भी बने हैं। आईपीएल में डेब्यू मैच में बेस्ट प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज के मामले में अल्जारी जोसेफ नंबर एक हैं, जिन्होंने 2019 में मुंबई इंडियंस के लिए 12 रन देकर 6 विकेट लिए थे।



केकेआर ने इस मैच में केवल 116 रन बनाए और यह आईपीएल 2025 के सीजन का सबसे कम स्कोर था। यह इस सीजन में केकेआर की तीसरे मैच में दूसरी हार थी। मुंबई इंडियंस और केकेआर ने तीन मैचों में अब तक दो मैच हारे हैं और एक-एक मैच में जीत मिली है। लेकिन खास बात यह है कि मुंबई इंडियंस ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 24वीं बार हराया है। आईपीएल में किसी भी टीम ने किसी एक विपक्षी को इतनी बार मात नहीं दी है। वहीं, वानखेड़े स्टेडियम में केकेआर को एमआई के खिलाफ 10वीं हार मिली है। इस मैच में एमआई के स्टार मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने 9 गेंदों पर 27 रनों की आतिशी पारी खेली और टी20 क्रिकेट में अपने आठ हजार रन भी पूरे कर लिए हैं। वह टी20 में भारत के 5वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। इस मामले में 12,976 रनों के साथ नंबर एक विराट कोहली हैं। रोहित शर्मा, शिखर धवन और सुरेश रैना टॉप-5 में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाज हैं।



## मंगलवार, 01 अप्रैल राशिफल

**मेष** : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थ पक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-7-8-9

**वृष** : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-2-7-9

**मिथुन** : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। शुभांक-3-7-9

**कर्क** : राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-8-9

**सिंह** : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रु भय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृ पक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। सिर्फ आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा। शुभांक-3-6-8

**कन्या** : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

**तुला** : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ ? के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

**वृश्चिक** : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। शुभांक-2-7-8

**धनु** : आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-3-6-9

**मकर** : आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभ कार्यों में व्यय होगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिलेगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-1-3-7

**मीन** : व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति सामान्य रहेगी। शुभांक-1-5-9

# भाविप नवोदय ने नव संवत्सर पर 1100 दीपों से किया दीपदान

एनएनआई

**आगरा।** भारत विकास परिषद नवोदय शाखा की ओर से नव संवत्सर पर 1100 दीपों से दीवानी चौराहा पर भारत माता की मूर्ति एवं दीवानी चौराहा को सजाया। अध्यक्ष कुलभूषण गुप्ता राम भाई ने बताया कि सनातन धर्म के अनुसार हिंदू नववर्ष प्रारंभ हो गया है। व्यापक रूप से सनातन धर्म के पूरे चौराहे को सजाया और नव संवत्सर का स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजक आरएस गुप्ता ने बताया कि हनुमान चालीसा का पाठ एवं महाआरती के बाद राहगीरों को मिष्ठान का वितरण किया। इस अवसर पर संरक्षक उमेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल, श्रीनाथ गुप्ता, नितेश अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक आरएस गुप्ता, मीना गुप्ता, राजीव गोयल, प्रीति गोयल, मयंक जैन, साक्षी जैन,



महिला संयोजिका रेखा अग्रवाल, अलका गुप्ता, रेखा अग्रवाल ज्योति मोहन, पारुल जिंदल, ज्योति मित्तल आदि मौजूद रहे।

## नव संवत्सर पर भाविप समर्पण ने बांटी मिठाई

**आगरा** (एनएनआई)। भारत विकास परिषद समर्पण शाखा की ओर से विजय नगर स्थित विजय क्लब मंदिर में नव संवत्सर के अवसर पर दीपदान और मिष्ठान वितरण किया। अध्यक्ष सौरभ गोयल ने बताया कि हिंदू नव वर्ष के प्रारंभ और चैत्र नवरात्र पर सभी में विजय नगर मंदिर पर दीप प्रज्वलन कर पूजन किया। जिसमें सभी ने उत्साह व उमंग पूर्वक हनुमान चालीसा पाठ कर नव संवत्सर का स्वागत किया। इस अवसर पर सचिव अंशुल दौनेरिया, कौषाध्यक्ष रोहित गर्ग, पूजा बंसल, अखिलेश भटनागर, विजित गुप्ता, संजीव दौनेरिया, उमंग गोयल, उत्सव मित्तल आदि मौजूद रहे।

